उज्जैन
रविवार
17
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-193
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



अमरी के बाद चर्चा में आई अमृता प्रीतम की बायोपिक भंसाली का सपना और साहिर का इश्क, क्या बड़े पर्दे पर दिखेगा अमृता-इमरोज का रिश्ता?

पेज- 8

## नीदरलैंड से 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज भारत आएंगे



**एम्सटर्डम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ। ये करीब 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज हैं, जिनमें चोल साम्राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी है। समझौते के तहत 11वीं सदी की चोल ताम्र पट्टिकाएं जल्द भारत लाई जाएंगी। यह 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की प्लेटों का संग्रह है। इनमें ज्यादातर लेख तमिल भाषा में लिखे गए हैं। मोदी ने कहा कि इन पट्टिकाओं में राजा राजेंद्र चोल प्रथम और उनके पिता राजा राजराजा चोल प्रथम से जुड़ी जानकारी दर्ज है।

## पास्को केस में केंद्रीय मंत्री के बेटे बंदी साई भागीरथ गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में नाबालिग लड़की से कथित यौन उत्पीड़न के मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। केंद्रीय मंत्री के बेटे बंदी सांई भागीरथ को पास्को एक्ट के तहत दर्ज मामले में शनिवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया। इससे कुछ घंटे पहले ही तेलंगाना हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद भागीरथ अपने वकीलों के साथ पुलिस के सामने पेश हुए और जांच में शामिल हो गए। साइबराबाद पुलिस कमिश्नर रमेश रेड्डी के अनुसार भागीरथ को नरसिंगी क्षेत्र में हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें पेट बशीराबाद पुलिस स्टेशन ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ और मेडिकल जांच के बाद आरोपी को मेडचल की स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

## डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब पुतिन भी चीन जाएंगे



**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन दौरे के बाद अब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी वहां जाएंगे। दोनों देशों ने इसकी पुष्टि कर दी है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक पुतिन 19 से 20 मई के बीच बीजिंग में रहेंगे। वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के न्योते पर वहां जा रहे हैं। यह इस साल पुतिन की पहली विदेश यात्रा होगी। यहां पर वे चीनी राष्ट्रपति से यूक्रेन जंग खत्म करने और परमाणु हथियार नियंत्रण समझौते को लेकर बातचीत कर सकते हैं। इसके अलावा वे चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से अलग मुलाकात करेंगे।

## कांगो में इबोला वायरस से 80 मौतें 246 संदिग्ध केस

**कांगो।** कांगो के पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला से अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। 246 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ का कहना है कि यह महामारी की कैटेगरी में नहीं आता है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल-रोजर कंबा के मुताबिक, पहला मामला एक नर्स का माना जा रहा है, जिसकी 24 अप्रैल को मौत हुई थी। जांच में अब तक इबोला के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के 8 मामलों की पुष्टि हुई है। बीमारी फिलहाल इतुरी प्रांत के बुनीया, रवामपारा और मोंगवालू इलाकों तक पहुंच चुकी है। कांगो में 1976 में पहली बार इबोला सामने आया था। यह देश में इसका 17वां मामला है।

# त्रिवेंदम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में लगी आग

### गार्ड ने लोको पायलट को सूचना दी, 15 मिनट में 68 यात्री बाहर निकाले, सभी सुरक्षित

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के 2 कोच में आग लग गई। हादसा रविवार सुबह करीब 5.15 बजे कोटा मंडल के लूणी रीछा-विक्रमगढ़ आलोट (मध्य प्रदेश) स्टेशन के बीच हुआ। आग ट्रेन के कोच नंबर इ-1 और उसके पीछे लगे सेकेंड लगेज कम गार्ड वैन में लगी थी। हादसे की जानकारी के बाद कोटा जंक्शन पर हूटर बजने लगे। राहत और बचाव टीम मौके के लिए रवाना हुई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोच में 68 यात्री सवार थे। फिलहाल कोई जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने की सूचना गार्ड ने सबसे पहले लोको पायलट को दी थी।



इसके बाद ट्रेन को रुकवाया गया और पैसेंजर्स को बाहर निकाला। करीब 15 मिनट में पूरा कोच खाली कराया गया। कुछ मिनटों में ही आग पूरे कोच में फैल गई थी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

- **कोटा पहुंचने से पहले हादसा-** त्रिवेंद्रम राजधानी रविवार सुबह करीब 3.45 बजे मध्य प्रदेश के रतलाम जंक्शन से रवाना हुई थी। इसका अगला स्टॉप सुबह 8.45 बजे कोटा जंक्शन था। राजस्थान में एंट्री से पहले विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के पास एसी कोच में आग लग गई। कुछ मिनटों बाद आगे पीछे के लगेज कोच तक पहुंच गई। यहां रखा पैसेंजर्स का सामान आग में जल गया। इस कोच में कोई यात्री नहीं था।
- **5 से 6 ट्रेनों के शेड्यूल पर असर-** सौरभ जैन ने बताया कि हादसे के कारण दोनों ओर की 5 से 6 ट्रेनों के शेड्यूल पर असर हुआ है। ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशन पर रोका गया था। जैन ने बताया कि पैसेंजर्स के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए है। जहां से वे ट्रेनों की टाइमिंग को लेकर जानकारी ले सकते हैं।

### बिजली का कनेक्शन काटा, ट्रैफिक भी रोका

- हादसे के बाद से दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर ट्रैफिक को रोका गया है। वहीं, ट्रेन का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। कोच को भी ट्रेन से काटकर अलग किया गया। करीब दो घंटे बाद कोच में लगी आग बुझा ली गई।
- पैसेंजरों को दूसरे कोच में शिफ्ट किया गया। ट्रेन को करीब 4 घंटे बाद सुबह 9 बजे कोटा के लिए रवाना किया गया। कोटा में ट्रेन में एक्स्ट्रा कोच लगाया जाएगा। जिसमें हादसे वाले कोच के पैसेंजर्स को शिफ्ट किया जाएगा।

## महाराष्ट्र का अमरावती-वर्धा देश में सबसे गर्म, तापमान 46 डिग्री

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम में राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र-विदर्भ से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन इलाकों में पारा लगातार 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं।

शनिवार को महाराष्ट्र के अमरावती और वर्धा देश के सबसे गर्म शहर रहे। दोनों शहरों का तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यूपी के बांदा, मध्य प्रदेश का नौगांव और खंडवा में भी पारा 44 डिग्री डिग्री से ज्यादा रहा।

इधर, गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास बनी जंगल सफारी (सरदार पटेल जूलॉजिकल



पार्क) में जानवरों और पक्षियों के लिए एसी, कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। वडोदरा के सायाजीबाग जूलॉजिकल पार्क ने जानवरों और पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए ठंडक के कई इंतजाम किए हैं। इनमें पानी का छिड़काव, बर्फ के टुकड़े, फॉगर शामिल हैं।

## धार भोजशाला में शुरू हुई पूजा-अर्चना

### गोमूत्र से शुद्धिकरण कर गर्भगृह में मां वाग्देवी की महाआरती, श्रद्धालुओं में उत्साह

ब्रह्मास्त्र ›› धार

धार की ऐतिहासिक भोजशाला में एएसआई की नई गाइडलाइन लागू होने के बाद पूजा-अर्चना शुरू हो गई। आज (रविवार) सुबह बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु मां वाग्देवी के चित्र लेकर भोजशाला पहुंचे और विधि-विधान से पूजा की। इस दौरान गर्भगृह को रंगोली से आकर्षक रूप से सजाया गया। पूजा से पहले परिसर को गोमूत्र से शुद्ध किया गया।

भोजशाला परिसर के बाहर स्थित ज्योति मंदिर की अखंड ज्योत को भी गर्भगृह में स्थापित किया गया। सूर्योदय के साथ ही मंत्रोच्चार शुरू हो गया। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को



मिला और उन्होंने नृत्य कर खुशी जाहिर की। इससे पहले शनिवार शाम केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और मांडू के संत महामंडलेश्वर निसर्ग दास जी महाराज भी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। वहीं कलेक्टर राजीव रंजन मीना और एसपी सचिन शर्मा ने भी भोजशाला पहुंचकर पूजा की।

उन्होंने कहा कि मैं सभी लोगों को बधाई देती हूं। पहले शुक्रवार के दिन यहां तनाव का माहौल रहता था, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है। अब कोई भी श्रद्धालु कभी भी आकर दर्शन कर सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोजशाला को और बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा, ताकि देश-प्रदेश से लोग यहां आएं और मां वाग्देवी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

**अधिक मास की हुई शुरूआत...**

## लीला पुरूषोत्तम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आज रविवार से अधिक मास की शुरूआत हो गई है। श्रद्धालुओं ने जहां आज से ही चौरासी महादेव के साथ ही सप्त सागर और नौ नारायणों की यात्रा शुरू की तो वहीं हरसिद्धि मंदिर के समीप स्थित लीला पुरुषोत्तम मंदिर में भी सुबह से ही तांता लगा रहा। बता दें कि पुरुषोत्तम मास के दौरान लीला पुरुषोत्तम मंदिर में दर्शन पूजन और दीपदान करने का विशेष महत्व है।

यह दो महीने का होने वाला दुर्लभ ज्येष्ठ अधिकमास है। हिंदू धर्म में अधिकमास को बेहद पवित्र और पुण्यदायी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जब किसी चंद्र मास में सूर्य का संक्रांति परिवर्तन नहीं होता, तब उस अतिरिक्त महीने को अधिकमास कहा जाता है। इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है और यह लगभग हर तीन साल में एक बार आता है। इस पूरे महीने भगवान विष्णु की पूजा, दान-पुण्य और आध्यात्मिक साधना का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिष और धर्म शास्त्रों में अधिकमास को आत्मशुद्धि, भक्ति और पुण्य कमाने का श्रेष्ठ समय माना गया है।

**कैसे बनता है अधिकमास-** हिंदू पंचांग चंद्र और सूर्य की गति पर आधारित होता है। चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है, जबकि सूर्य वर्ष 365 दिनों का। दोनों के बीच लगभग 11 दिनों का अंतर आ जाता है। यही अंतर हर तीन साल में लगभग एक महीने के बराबर हो जाता है। इस संतुलन को बनाए रखने के लिए हिंदू कैलेंडर में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है।

## नाबालिग को अगवा कर युवकों ने किया गैंगरेप

ब्रह्मास्त्र ›› छतरपुर

मध्यप्रदेश के छतरपुर में एक नाबालिग को अगवा कर गैंगरेप का मामला सामने आया है। दो युवक उसे जबरन स्कूटी पर बैठाकर पास ही एक कमरे पर ले गए। यहां पहले से तीसरा युवक मौजूद था। तीनों आरोपियों ने दुष्कर्म के बाद कार से आधी रात उसे बीच चौराहे पर छोड़ा और भाग गए।

मामला शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में शुक्रवार रात 10 बजे का है। शनिवार तड़के 5.15 बजे पुलिस को पीड़िता बदहवास हालत में मिली। इसके बाद मामला सामने आ सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। किडनैप करने के दौरान का वीडियो भी सामने आया है। सीएसपी अरुण कुमार सोनी के अनुसार, बच्ची ने बताया कि वह शुक्रवार रात करीब 10 बजे बस स्टैंड पहुंची थी। किसी एक अपने परिचित के साथ आई थी। रिश्तेदार वहां से चले गए। इसके बाद वह वहां रुकने के लिए कोई स्थान तलाश रही थी।



409, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
Gunjan Shrivastav 98263 96368

उज्जैन
रविवार
17
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्।।

**अर्थः** विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, विद्या के समान कोई धन या सुख नहीं है।

## खबर एक नजर...

### ई-रिक्शा से मिला पशु मांस बजरंग दल कार्यकर्ता दो युवकों को पकड़कर थाने पहुंचे

**इंदौर।** बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एक ई-रिक्शा चालक को रोककर उसकी गाड़ी की जांच की। वाहन में पशु मांस मिलने का दावा करते हुए कार्यकर्ता दो लोगों को पकड़कर तुकोगंज थाने ले गए, जहां उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, पीयूष कौशल की शिकायत पर रईस पिता शौकत अली और मुकिम पिता हबीब कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को अपने साथियों के साथ राजकुमार ब्रिज क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक ई-रिक्शा को रोककर उसमें बैठे दो लोगों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों युवक घबरा गए और गाड़ी छोड़कर भागने लगे। इस पर कार्यकताओं ने उन्हें पकड़ लिया। ई-रिक्शा की तलाशी लेने पर उसमें पशु मांस मिला। इसके बाद दोनों को थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। फिलहाल पुलिस जब्त सामग्री की जांच कर रही है और मामले की पड़ताल जारी है।

### 30 हजार रुपए के बदले मास्क पहनकर की वारदात; 4 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** एमजी रोड पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद था, जिसके चलते ये घटना हुई। एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा ने बताया- 13 मई को फरियादी ने थाने पर रिपोर्ट की थी कि बाइक सवार 2 बदमाशों ने उन पर रॉड और चाकू से हमला किया, जिसमें उन्हें सिर में गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू की। जिसमें पुलिस को गौरव चक्रवर्ती के बारे में जानकारी मिली। गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई। जिसमें उसने बताया कि उसने जीएसटी के निपटारे के लिए फरियादी से पैसो का लेन-देन हुआ था। फरियादी पैसों के लिए तकादा कर रहा था। फरियादी को पैसा नहीं देना पड़े इसलिए आरोपी गौरव ने अपने दोस्त रितेश के माध्यम से पुष्प वैष्ण?व और उमेश वैष्ण?व को फरियादी को सबक सिखाने के लिए 30 हजार की सुपारी दी, पुष्प और उमेश ने बिना नंबर की बाइक पर मुंह पर मास्क पहनकर वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### मकान में चल रहा था सट्टा, पुलिस ने कार्रवाई की, आईपीएल मैच पर लगा रहे थे दाव

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक मकान में दबिश देकर दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों आईपीएल का सट्टा संचालित कर रहे थे। दोनों ही जगदंबा बुक समूह के सदस्य है, जो एक स्पेशल सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन की मदद से सट्टे का अवैध कारोबार कर पैसा कमा रहे थे। क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक 15 मई की देर रात पुलिस ने रंगवासा स्थित लाभम पार्क के एक मकान में दबिश दी। यहां पर पुलिस को दो युवक मिले, जो फोन, टैबलेट और लैपटॉप पर चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ के बीच चल रहे आईपीएल मैच पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। जब उन्हें पकड़कर पूछताछ की गई तो खुलासा हुआ कि ये दोनों जगदंबा बुक समूह के सदस्य है। ये दोनों आरोपी एक संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो जगदंबा बुक समूह की लाइन से जुड़े हुए थे और अवैध रूप से लोगों से हार-जीत का दांव लगवाते थे। इसके लिए ये एक स्पेशल सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन का इस्तेमाल करते थे। पकड़ाए आरोपियों के नाम रोहित भंडारी (39) निवासी लोकनायक नगर, एयरपोर्ट रोड और अर्जुन गुप्ता (33) निवासी विधुर नगर हवा बंगला है।

### जहां आदमी नहीं जा सकता, वहां जाकर बुझाता है आग, एक चार्ज में 8 से 10 घंटे करता है काम

# इंदौर में 2 करोड़ रुपए का फायर फाइटिंग रोबोट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में 2 करोड़ रुपए का फायर फाइटिंग रोबोट है, जो आग बुझाने का काम करता है। ये रोबोट रिमोर्ट ऑपरेटेट है। खास बात यह है कि इसमें कैमरा भी लगा है, जिससे वह किस दिशा में जा रहा है, आगे क्या है, यह मॉनिटर पर साफ देखा जा सकता है।

यह उस जगह आग बुझाने में मदद करता है, जहां एक व्यक्ति या कहे कि दमकलकर्मी का खड़े रहना भी मुश्किल हो जाता है। पिछले करीब एक महीने पहले ही यह इंदौर नगर निगम के पास आया है। यह कई जगह इस्तेमाल भी हो चुका है और आग बुझाने में काफी कारगर भी साबित हुआ है।

फायर फाइटिंग रोबोट की बात करें तो ये पूरी तरह से रिमोर्ट ऑपरेटेट है। रोबोट में दो बड़ी बैटरियां लगी हैं, जिससे यह चलता है। यह एक टैंक की तरह है, जो पथरीले रास्तों से भी



आसानी से निकल जाता है। जिस तरह एक ड्रोन कैमरे के रिमोर्ट में एक छोटी डिस्प्ले लगी होती है, उसे तरह इसके रिमोर्ट में भी एक डिस्प्ले लगी होती है, जो लाइव चीजे डिस्प्ले पर दिखाता है। इस रोबोट की मदद से जिससे आगे क्या कुछ घट रहा है या चल रहा है वह रिमोर्ट के डिस्प्ले में नजर आता है। इस रोबोट के आने के बाद फायर विभाग के नगर निगमकर्मियों को इसे चलाने की ट्रेनिंग भी दी गई, जिससे ये इसे आसानी से ऑपरेट कर सके।

- जयपुर स्थित भारतीय रोबोटिक्स कंपनी क्लब फर्स्ट रोबोटिक्स प्रा.लि. द्वारा विकसित अत्याधुनिक जेना एआई फायर फाइटिंग रोबोट इंदौर में तैनात किया गया है। जेना एआई आधारित फायर फाइटिंग रोबोट्स में से एक है।
- यह एक अनमैन्ड ग्राउंट व्हीकल आधारित रोबोटिक सिस्टम है, जो आधुनिक एआई, ऑब्जेक्ट डिटेक्शन और उन्नत सेंसर टेक्नीक से लैस है। जेना रोबोट को विशेष रूप से ऐसे खतरनाक वातावरण के लिए डिजाइन किया गया है जहां व्यक्ति फायर फाइटर्स के लिए जाना अत्यधिक जोखिम भरा होता है।

#### ये है खासियत

- लगभग 1.5 किमी की दूरी से रिमोट ऑपरेशन।
- 500 डिग्री सेल्सियस के उच्च तापमान में काम करने की क्षमता।
- एआई आधारित ऑब्जेक्ट डिटेक्शन और स्मार्ट फायर फाइटिंग सिस्टम।
- उन्नत थर्मल इमेजिंग कैमरा, जो घने धुएं के अंदर भी गर्मी के स्त्रोत और संभावित कैजुअल्टी की पहचान कर सकता है।
- मजबूत क्रॉलर ट्रैक सिस्टम, जिससे यह रोबोट सीढ़ियां और मलबे वाली सतहों पर भी आसानी से चल सकता है।
- हाई प्रेशर वाटर और फोम मॉनिटर, जो लंबी दूरी से प्रभावी रूप से आग बुझा सकता है।
- लगभग 500 किलो तक भारी लोड उठाने या हटाने की क्षमता है।
- यह रोबोट विशेष रूप से निम्न प्रकार की परिस्थितियों में अत्यंत प्रभावी साबित हो सकता है। इनमें तेल न गैस संयंत्रों में आग, केमिल और पेट्रोकेमिकल उद्योगों में आग, बड़े गोदाम एवं लॉजिस्टिक हब, बिजली संयंत्र एवं ट्रांसफॉर्मर फायर, भारी औद्योगिक दुर्घटनाएं और विस्फोटक वातावरण।

# प्लास्टिक दाना फैक्ट्री की आग पर पाया काबू

### फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां लगी, 6.21 लाख लीटर पानी का हुआ इस्तेमाल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के धार रोड स्थित प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री डीयू ड्रॉप एरिगेशन में शनिवार सुबह लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया। आग इतनी भयावह थी कि उसका काला धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगातार राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। आग बुझाने के लिए पोकलेन मशीन और फायर फाइटिंग रोबोट की मदद भी ली गई।

आग बुझाने के दौरान फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां लगातार मौके पर मौजूद रहीं। आग पर काबू पाने में करीब 6 लाख 21 हजार लीटर से अधिक पानी का उपयोग किया गया। सुबह 7 बजे आग लगने की



सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मियों ने देर रात तक मशक्कत की। रात करीब 8 बजे आखिरी गाड़ी लौटी थी, हालांकि रात 9 बजे दोबारा धुआं उठने की सूचना मिलने पर एक वाहन फिर मौके पर भेजा गया। अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

फैक्ट्री के अंदर लंबे समय तक घुसना संभव नहीं हो पाया था। परिसर में टीन शेड होने के कारण आग अंदर तक फैल गई थी। इसके बाद पोकलेन मशीन से मलवा और शेड हटाकर अंदर पानी डाला गया। एहतियात के तौर पर आसपास का क्षेत्र भी खाली कराया गया था। फैक्ट्री संचालक मोहम्मद जावेद कुरैशी ने बताया कि अमावस्या होने के कारण मजदूर काम पर नहीं आए थे। फैक्ट्री में सामान्य दिनों में 30 से 35 कर्मचारी काम करते हैं और दिन-रात शिफ्ट चलती है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री परिसर में लगी डीपी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जो प्लास्टिक का दाना भरा होने से तेजी से फैल गई।

## थाने से निकलते हुए रील बनाई- बल्लू तुम्हारी जेल से फरार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एक युवक को थाने से बाहर निकलते हुए रील बनाना महंगा पड़ गया। रील बनाकर उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट की तो पुलिस ने उसके घर दस्तक दे दी और उसे पकड़ लिया। पकड़ने के बाद उसने कान पकड़कर कहा कि ऐसी गलती फिर नहीं करूंगा। दरअसल, यह मामला इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां कुछ दिन पहले पुलिस ने एक युवक को चेकिंग के दौरान रोका था। वह गाड़ी के कागज नहीं बता पाया था, जिसके चलते पुलिस ने उस पर कार्रवाई करते हुए उसे छोड़ दिया। जब वह थाने से बाहर निकल रहा था तो उसने एक रील बनाई। इस रील में वह थाने से बाइक बाहर निकालते हुए नजर आ रहा है। बैकग्राउंड में म्यूजिक के साथ आवाज आ रही है- मुश्किल से मुश्किल छह महीने, 10 अक्टूबर रात के 10 बजे बल्लू तुम्हारी जेल से फरार। यहां से निकलने के बाद उसने रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। वीडियो पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल तक पहुंची तो पुलिस ने उसके घर दस्तक दे दी। रील पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने दोबारा पकड़ा। उसका माफी मांगने वाला वीडियो भी सामने आया। वह कान पकड़कर माफी मांग रहा है।

### इंदौर में बना उड़ता ड्रोन जैमर, स्वॉर्म अटैक करेगा बेअसर, एक साथ गिराता है कई ड्रोन

# हवा में ही दुश्मन के ड्रोन को निष्क्रिय करेगा नागपाश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के स्टार्टअप्स ने देश की सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां के तीन स्टार्टअप्स ने मिलकर हाईटेक ड्रोन नागपाश डेवलप किया है। यह भारतीय रक्षा तकनीक की नई ताकत बनकर उभर रहा है। यह देश का पहला एयर टू एयर जैमिंग सिस्टम है, जो हवा में उड़कर दुश्मन के ड्रोन को निशाना बनाता है और उसके नेविगेशन सिस्टम को निष्क्रिय कर हवा में ही गिरा देता है।

कंपनी का दावा है कि नागपाश अपनी निर्धारित सीमा में आने वाले किसी भी ड्रोन को भ्रमित कर उसे दुर्घटनाग्रस्त कर सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इसके प्रदर्शन की



सराहना करते हुए इसे भारतीय सेना के लिए बेहद उपयोगी तकनीक बताया है।

कंपनी के सीओओ दुर्गेश शुक्ला का दावा- अब तक दुनिया में उपलब्ध अधिकांश जैमर स्थिर यानी जमीन पर लगाए जाने वाले होते हैं, जबकि नागपाश उड़ान भरते हुए दुश्मन के ड्रोन तक पहुंचकर उसे वहीं निष्क्रिय कर देता है। यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

**रक्षामंत्री ने बताया सेना के लिए उपयोगी तकनीक-** हाल ही में प्रयागराज में आयोजित नॉर्थ टेक 2026 कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नागपाश का प्रेजेंटेशन दिखाया गया। कंपनी के सीईओ और सीटीओ अभिषेक मिश्रा ने बताया कि रक्षा मंत्री ने इसे भारतीय सेना के लिए बेहद उपयोगी तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि अब केवल हमले का इंतजार करने के बजाय प्रिवेंटिव स्ट्राइक यानी हमला होने से पहले ही दुश्मन की क्षमता को खत्म करना जरूरी है। नागपाश इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**छह महीने पहले मिला अप्रूवल-** कंपनी की सीपीओ रोशनी शुक्ला के मुताबिक नागपाश को अप्रैल 2026 में रक्षा उपयोग के लिए नॉर्थ टेक के फोकस ग्रुप-6 की आकलन टीम से अप्रूवल मिला है। यह सिस्टम विशेष रूप से रक्षा सेवाओं के लिए डेवलप किया है। कंपनी लंबे समय से डिफेंस एजेंसियों, रिसर्च सेंटरों और ट्रेनिंग सेंटरों के साथ काम कर रही है। इसी कारण इसकी मंजूरी प्रक्रिया में कोई बड़ी बाधा नहीं आई।

**मध्य प्रदेश सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में ट्रायल-** नागपाश का उपयोग मध्य प्रदेश के सागर, ग्वालियर, भोपाल और महू सहित कई क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसके अलावा राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, लेह और अन्य सीमावर्ती इलाकों में भी इसके ट्रायल चल रहे हैं। ट्रायल सफल रहने के बाद इसे बड़े स्तर पर तैनात करने की तैयारी है।

**700 से ज्यादा ड्रोन सेना को दिए-** कंपनी का दावा है कि वह अब तक भारतीय सेना को अलग-अलग उपयोग के 700 से अधिक ड्रोन उपलब्ध करा चुकी है। इसके अलावा 2 हजार से ज्यादा सैनिकों और अधिकारियों को ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। कंपनी देशभर में 25 से अधिक एडवांस ड्रोन लैब भी स्थापित कर चुकी है। कंपनी का कहना है कि उसका उद्देश्य भारत को रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर बनाना है।

## खबर एक नजर...

### सेवा भारती बालिका छात्रावास में 100 किशोरियों का हुआ रक्त परीक्षण

**उज्जैन।** सेवा भारती उज्जैन और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा भारती बालिका छात्रावास में किशोरियों के लिए रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 बालिकाओं के हीमोग्लोबिन और रक्त समूह की जांच की गई। परीक्षण में जिन बालिकाओं का हीमोग्लोबिन स्तर कम पाया गया है, उन्हें माधव सेवा न्यास द्वारा निःशुल्क परामर्श और उपचार प्रदान किया जाएगा। रेडक्रॉस सोसायटी उज्जैन शाखा के सचिव अनुराग जैन ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसी कड़ी में सेवा भारती बालिका छात्रावास में आयोजित दो दिवसीय किशोरी विकास वर्ग में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के अध्यक्ष सुनील खत्री, सीमा वशिष्ठ, रितेश सोनी, प्रीति गोयल, आशा श्रीवास्तव, राजेश मिमरोट, रेडक्रॉस सोसायटी उज्जैन शाखा के चेयरमैन राजेंद्र झालानी, कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा, अनोखीलाल शर्मा और चिकित्सकों की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही।

### ज्ञानोदय विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को आउटसोर्स करने का विरोध

उज्जैन। लालपुर स्थित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय में 15 से 18 वर्षों से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को निजी ठेकेदार के अधीन करने का विरोध शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने 12 मई को प्रभारी प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संघ ने कर्मचारियों को विनियमित कर नियमित वेतनमान देने और एक वर्ष पूर्व निष्कासित महिला कर्मचारी को तत्काल काम पर वापस रखने की मांग की है।

संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी ने बताया कि विद्यालय में वर्ष 2008 से काम कर रहे कर्मचारियों को आज तक पद का कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया है। मध्य प्रदेश शासन के 2016 के आदेशानुसार, 10 वर्ष से अधिक समय तक कलेक्टर दर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को विनियमित कर नियमित वेतनमान दिया जाना चाहिए।

### 23 लाख छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप; 125 सवालों के लीक होने पर व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

# नीट परीक्षा रद्द होने के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन: क्षीर सागर से निकाली रैली, टावर चौक पर फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा का पेपर लीक होने और उसे रद्द किए जाने के विरोध में शहर कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने क्षीर सागर से फ्रीगंज टावर चौक तक रैली निकाली और वहां पहुंचकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इस फैसले से देश भर के करीब 23 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।

ज्ञात हो कि 3 मई को हुई नीट परीक्षा से पहले सोशल मीडिया पर एक गेस पेपर वायरल हुआ था, जिसके करीब 125 सवाल असली प्रश्नपत्र से मेल खाते पाए गए। वर्ष 2024 में हुए पेपर लीक विवाद के बाद परीक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी ने 101 सिफारिशें दी थीं, लेकिन 2026 में फिर से वही घटना दोहराई गई। इससे सख्ती के सभी दावे खोखले साबित हुए हैं और पूरी परीक्षा प्रणाली व एनटीए की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने आरोप लगाया कि भाजपा की भ्रष्ट सरकार देश के युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। देश में लगातार बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। छात्र सालों तक कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन ऐन वक्त पर परीक्षा निरस्त होने से उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। इससे छात्रों को भारी मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है और अब युवाओं का सरकारी सिस्टम पर से भरोसा पूरी तरह उठ चुका है। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि इस उग्र विरोध प्रदर्शन में उज्जैन उत्तर विधानसभा प्रभारी अनिल गोस्वामी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, अजीत सिंह, राजेश राणा, पवन यादव, दीनू बड़ोदिया, धीरज यादव, मुकेश सूर्यवंशी, अनवर बाबा, धमेंद्र ठाकुर, सोनिया ठाकुर, देवेन्द्र पाटनी, शाहिद सिद्दीकी, भरत आंजना, जितेंद्र चौधरी, राज उदयवाल, चेतन भाट, सोनू चौधरी, गजेंद्र मारोठिया, इरशाद चौधरी, हर्षवर्धन यादव, भूरू गोड, विकास मालवीय, संजय अरोरा, रमेश सांखला, अनिल देवधरे, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, रहीम लाला, उत्तम जायसवाल, राहुल लोट, छोटेलाल मंडलोई, अर्पित यादव, इमरान खान, जाहिद पहलवान, सपना सांखला, सुरेश वासनिक, यश जैन और मनीष धेपते सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए पुष्टिमार्गीय हवेलियों के मार्ग सुधारने की मांग

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल ने महापौर और निगम अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

17 मई से 15 जून तक मनाए जाने वाले पुरुषोत्तम मास को लेकर शहर की प्रमुख पुष्टिमार्गीय हवेलियों और बैठकों के आसपास सड़कों की साफ-सफाई, समतलीकरण और प्रकाश व्यवस्था की मांग उठाई गई है। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल और नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव को ज्ञापन सौंपकर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का आग्रह किया।

मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर एवं तीनों मंडलों के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में संस्थापक विट्ठल नागर, मंडल अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, आनंद पुरोहित, दीपक राजवानी और सुनील माहेश्वरी आदि पदाधिकारी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अधिक मास में पुष्टिमार्गीय हवेलियों में नित्य सुबह-शाम विशेष श्रृंगार के दर्शन होंगे। वर्तमान में इन हवेलियों की ओर जाने वाले मार्गों पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, जिससे वैष्णवों को दर्शन करने पहुंचने में परेशानी आ रही है। ज्ञापन में मांग की गई है कि आगामी एक माह के लिए इन सड़कों का समतलीकरण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि नालों का पानी सड़कों पर न बहे, रास्तों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि वैष्णवजनों की भावनाएं आहत न हों.

## निर्गुण भजन गायक अशोक टिपानिया को 'भगत जी सम्मान', 7 हजार लोगों ने ग्रहण की प्रसादी

### त्रिवेणी पर रात 3 बजे तक गूंजे भजन, सुबह 11 बजे तक चला विशाल भंडारा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



समाज में एकरूपता लाने के लिए प्रयासरत ग्राम लुनियाखेड़ी के निर्गुण भजन गायक अशोक टिपानिया को पांचवें 'भगत जी सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया। समारोह में उन्हें शॉल, श्रीफल और 5100 रुपये की सम्मान निधि भेंट कर सम्मानित किया गया।

त्रिवेणी इंदौर रोड स्थित शनि मंदिर कम्पाउण्ड में शुक्रवार को आयोजित इस गरिमामय समारोह में तराना विधायक महेश परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह प्रतिष्ठित सम्मान स्वर्गीय भैरूलाल (लोको पायलट) की स्मृति में भगत जी सेवा संस्थान द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के निवेदक मंगल बामनिया ने बताया कि स्वर्गीय भैरूलाल और मास्टर तेजस्व परमार की पावन स्मृति में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। शुक्रवार शाम 5 बजे से शुरू हुआ यह भंडारा शनिश्चरी अमावस्या की सुबह 11 बजे तक अनवरत चला, जिसमें लगभग 7000 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। सम्मान समारोह के पश्चात आयोजित भजन संध्या में श्रोता देर रात 3 बजे तक भजनों पर मंत्रमुग्ध होते रहे। इस अवसर पर बगदीराम, अनिल धवन, आनंद शर्मा, भोगी काका, स्वामी मुस्कुराके सहित विक्रम वाटिका परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र गांगुलिया ने किया तथा आभार हरिओम नायक ने माना।

# किंकिणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव' का शुभारंभ, देशभर के कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

## प्रतिभा संगीत कला संस्थान का आयोजन: इस वर्ष से भरतनाट्यम भी शामिल

### 17 मई को गुरु डॉ. पूनम व्यास को मिलेगा 'पंडित कुंदनलाल गंगानी स्मृति नृत्यलंकरण'

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रतिभा संगीत कला संस्थान द्वारा आयोजित विशिष्ट 'किंकिणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में देशभर से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस वर्ष आयोजन की विशेष बात यह है कि संस्था द्वारा इसमें शास्त्रीय भरतनाट्यम नृत्य विधा की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता को भी शामिल किया गया है।

शुभारंभ अवसर पर नई दिल्ली कथक केंद्र के नृत्य गुरु पंडित धीरेंद्र तिवारी, इंदौर में कार्यरत कथक केंद्र से प्रशिक्षित डॉ. मेघा शर्मा जादौन और प्रतिभा संगीत कला संस्थान की निदेशक इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी एलची ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पश्चात विधिवत रूप से नृत्य प्रतियोगिता का आरंभ हुआ।

आज होगा समापन और पुरस्कार वितरण



कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 17 मई को शाम 5 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्कार भारती के अखिल भारतीय सह कोष प्रमुख श्रीपाद जोशी, भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश सांस्कृतिक प्रमुख कपिल यारदे और संस्कार भारती उज्जैन की अध्यक्ष श्रीमती माया बदेका उपस्थित रहेंगी।

### इन्हें मिलेंगे अलंकरण और पुरस्कार

समापन समारोह में गुरु डॉ. पूनम व्यास को 'पंडित कुंदनलाल गंगानी स्मृति नृत्यलंकरण 2026' से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पंडित राजेंद्र गंगानी युवा कथक अलंकरण 2026, किंकिणी कीर्तन नटराज अलंकरण, किंकिणी कीर्तन कथक श्री अलंकरण, किंकिणी कीर्तन युवा प्रतिभा अलंकरण और किंकिणी कीर्तन कला भूषण अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में सभी आयु वर्गों के प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

# उज्जैन में 17 मई से शुरू होगा आस्था का महाकुंभः ज्येष्ठ अधिक मास में बन रहा दुर्लभ 'लक्ष्मी नारायण योग'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मोक्षदायिनी नगरी उज्जैन में 17 मई से आस्था का महाकुंभ प्रारंभ होने जा रहा है। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार, इस बार ज्येष्ठ माह के मध्य में आने वाले अधिक मास में पांच रविवार का अद्भुत संयोग बन रहा है। इस विशेष संयोग के चलते दुर्लभ 'लक्ष्मी नारायण योग' का निर्माण हो रहा है। यह पवित्र पुरुषोत्तम मास 17 मई से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा।

84 महादेव और नारायण मंदिर की यात्रा से मिलेगा चारों धाम का पुण्य

सप्तपुरियों में से एक और महाकालेश्वर की विश्व प्रसिद्ध नगरी उज्जैन में शिव और विष्णु उपासना की प्राचीन परंपरा रही है। लोकमान्यता है कि इस पवित्र मास में लीला पुरुषोत्तम नारायण मंदिर और 84 महादेव मंदिरों की यात्रा करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं को चारों धाम की तीर्थयात्रा के समान पुण्य फल मिलता है। इस दौरान यहां के प्राचीन सरोवरों, देवालयों और साधना स्थलों पर आराधना का विशेष महत्व रहेगा। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार, चंद्र वर्ष लगभग 354 दिन और सौर वर्ष 365 दिन का होता है। दोनों के बीच लगभग 11 दिन का अंतर रहता है। यह अंतर हर वर्ष जुड़कर 32 माह, 16 दिन और 8 घंटे के अंतराल में एक पूरा अतिरिक्त चंद्र मास बन जाता है। इसी खगोलीय संतुलन को बनाए रखने के लिए हर 32 से 33 महीने में पंचांग में एक अतिरिक्त चंद्र मास जुड़ता है, जिसे अधिक मास या मलमास कहा जाता है।




मलमास से 'पुरुषोत्तम मास' बनने की पौराणिक कथा

ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास बताते हैं कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, शुरूआत में इस अतिरिक्त मास का कोई स्वामी नहीं था और देवताओं ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। इसे मलमास कहकर शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना गया। इस तिरस्कार से दुखी होकर जब यह मास भगवान विष्णु की शरण में पहुंचा, तब श्रीहरि ने इसे अपना स्वरूप और नाम प्रदान किया। भगवान विष्णु ने कहा कि अब से यह मास मेरा स्वरूप होगा और 'पुरुषोत्तम मास' कहलाएगा।

## खबर एक नजर...

### ग्राम पंचायत लेकोडा में कृषक संगोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**उज्जैन।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अनुक्रम में कलेक्टररौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 15 मई को ग्राम पंचायत लेकोडा, उज्जैन में सुबह कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को फार्मर आईडी बनाने, ई- टोकन प्रणाली से खाद वितरण की संपूर्ण जानकारी , संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, नरवाई प्रबंधन , फसल विविधीकरण ,प्राकृतिक खेती करने के उपाय एवं आगामी खरीफ सीजन के लिए के पूर्व तैयारी के संबंध में समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई द्यकार्यक्रम में भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इंदौर के वैज्ञानिक गण , कृषि विज्ञान केंद्र उज्जैन के वैज्ञानिक , कृषि विभाग और आत्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### प्रारूप मतदाता सूची का किया गया सार्वजनिक प्रकाशन

**उज्जैन।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों की फोटो युक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले की समस्त 8 नगरीय निकायों के समस्त 192 वार्डों में निहित स्थानों पर प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन शुक्रवार 15 मई को कर दिया गया है। इसी प्रकार पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले के समस्त 6 विकासखंडों की समस्त 609 ग्राम पंचायतों में विहित स्थानों पर प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन भी कर दिया है।

### सड़क चौड़ीकरण के दौरान सती गेट क्षेत्र में विशाल पेड़ गिरा

**उज्जैन।** उज्जैन में आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारी के चलते कंठाल चौराहे से सती गेट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है चौड़ीकरण के कार्य के दौरान शनिवार को गणेश मंदिर के सामने एक विशाल काय पुराना पेड़ अचानक गिर गया। जिस समय पेड़ गिरा उस दौरान वहां दो मजदूर काम कर रहे थे उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई। इसके अलावा अन्य लोग भी बाल बाल बच गए। इस पेड़ के नजदीक ही लगा हुआ एक और विशाल पेड़ भी नाजुक स्थिति में है और गिरने की कगार पर है। अगर नगर निगम ने इसे भी जल्द नहीं हटाया तो यह भी किसी दिन धराशाही हो सकता है और बड़ी घटना घट सकती है।

शहर के सबसे अति व्यस्ततम क्षेत्र में से एक सती गेट रोड का इन दोनों चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा अपना सामान हटाकर दुकानों का सामान शिफ्ट करने का कार्य किया जा रहा है सतीगेट चौराहे पर गणेश मंदिर के सामने साड़ी की दुकान के समीप दो विशालकाय कई वर्षों पुराने पेड़ों को लेकर कई बार यहां के दुकानदारों द्वारा निगम के अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है इसके बाद भी निगम के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया और कई वर्ष पुराना पेड़ शनिवार को अचानक गिर गया।

उज्जैन में पहली बार सिंधी भाषा में भागवत कथा, विष्णु वाटिका से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

# अमरावती के संत संतोष देव जी महाराज करेंगे कथा

### 101 महिलाएं लाल चुनरी में कलश लेकर चलेंगी, शहर की विभिन्न संस्थाएं करेंगी स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति उज्जैन द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शहर में पहली बार अमरावती महाराष्ट्र के शिव धारा आश्रम के संत श्री संतोष देव जी महाराज द्वारा सिंधी भाषा में भागवत कथा की जाएगी। कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

पंचायत के अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने सकल सिंधी समाज की विशाल बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि कलश यात्रा सिंधु भवन कल्याण एवं उत्थान समिति की जमीन विष्णु वाटिका से प्रारंभ होकर कथा स्थल संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जीवाजीगंज थाने के सामने तक पहुंचेगी। कलश यात्रा में 101 महिलाएं लाल चुनरी में कलश लेकर चलेंगी और पुरुष श्वेत वस्त्र धारण किए रहेंगे। रथ यात्रा में स्वामी संतोष देव जी महाराज शिव धारा आश्रम अमरावती विराजमान रहेंगे। यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक व सिंधी समाज के प्रबुद्धजन भी शामिल होंगे। आयोजन और कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए महेश परयानी, गोपाल बलवानी, प्रताप रोहरा, महेश गंगवानी, मोहन वासवानी, दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, पुष्पा कोटवानी, वीर कुमार मामनानी, बिंदिया बलवानी, नरेश मूलचंदानी, नीतू बलवानी, राजकुमारी खेमचंदानी, जया थानी, भारती खेमचंदानी, मुरलीधर कोटवानी, घनश्याम दसवानी, मुकेश सेवारमणि, लीला राम चंदनानी और निशा रामचंदानी आदि ने अपील की है। कलश यात्रा का शहर में भव्य स्वागत किया जाएगा। श्री सिंधु जाग्रत समाज माधव नगर, सिंधी साहिती, भाईबंध पंचायत बुधवारिया, इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, शक्कर पंचायत, लड़ी लोहाना पंचायत, झूलेलाल मंदिर समिति, युवा शक्ति पटेल नगर और लायंस क्लब उज्जैन सहित अनेक संस्थाओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा।



### 'दाल-पराठे भारतीय भोजन पद्धति का अभिन्न अंग'- उर्मिला बागड़िया

**उज्जैन।** स्वस्थ शरीर के लिए अच्छे प्रोटीन वाला भोजन बेहद जरूरी है। दाल और पराठे भारतीय भोजन पद्धति का अभिन्न अंग हैं। यह बात प्रसिद्ध कुकिंग एक्सपर्ट श्रीमती उर्मिला बागड़िया ने जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया हायर सेकेंडरी स्कूल में संचालित निःशुल्क समर कैंप में छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। समर कैंप के अंतर्गत कुकिंग क्लास में छात्राओं को मेन कोर्स के विभिन्न व्यंजनों की जानकारी दी गई। श्रीमती बागड़िया ने लच्छा पराठा सहित छह प्रकार के पराठे बनाने की विधि बताई और इसका प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया। मुबस्शिरा नागौरी ने बताया कि शिविर में शनिवार को दो तरह की दाल, छह प्रकार के पराठे और पनीर की सब्जियां बनाना सिखाई गई।

## उत्सव प्रतिकल्पा' आजः तीन नृत्य शैलियों में 200 कलाकार देंगे प्रस्तुति

### कालिदास अकादमी में शाम 7 बजे से आयोजन, 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का होगा समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा संस्कृति संचालनालय भोपाल, रेडियो दस्तक और डी.पी.के. ज्वेलर्स के सहयोग से 17 मई को 'उत्सव प्रतिकल्पा' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कालिदास अकादमी स्थित पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में शाम 7 बजे से आयोजित इस समारोह में 200 नवोदित कलाकार तीन विभिन्न नृत्य शैलियों में अपनी प्रतिभा का मंचन करेंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वाले नृत्य गुरुओं का विशेष रूप से सम्मान भी किया जाएगा।

संस्था के सचिव कुमार किशन ने बताया कि संस्था द्वारा विगत 20 वर्षों से निरंतर नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस वर्ष 3 से 17 मई तक आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को दक्षिण भारत की पारंपरिक शैली भरतनाट्यम, राजस्थानी व मालवी लोकनृत्य और बॉलीवुड व वेस्टर्न डांस का बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। नवोदित कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ही इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में भरतनाट्यम का विशेष प्रशिक्षण देने के लिए बांग्लादेश से ऑरनी भक्त को आमंत्रित किया गया था। वहीं, लोकनृत्य की बारीकियां वरिष्ठ नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन और लोकेश सिंह तोमर ने सिखाईं। वेस्टर्न और बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण सोनू जोसेफ द्वारा दिया गया।

संस्था के पदाधिकारी डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. अनिता चौधरी, कुमार किशन, सुश्री शीला व्यास, श्रीमती पुष्पा चौरसिया, प्रवीण चतुर्वेदी, विजय भागचंदानी और स्वप्निल केलकर ने शहर के कला प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

## शोध संगोष्ठी एवं कृष्ण बसन्ती अंतरराष्ट्रीय अवार्ड समारोह का आयोजन किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट् विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका अक्षरवार्ता और कृष्ण बसंती शैक्षणिक एवं सामाजिक जन कल्याण समिति के सहयोग से 18 मई 2026 को वाग्देवी भवन में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं कृष्ण बसन्ती अंतरराष्ट्रीय अवार्ड समारोह का आयोजन किया जाएगा।

यह संगोष्ठी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के परिप्रेक्ष्यः शिक्षा, साहित्य और संस्कृति पर एकाग्र होगी, जिसमें देश विदेश के विशेषज्ञ भाग लेंगे।यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा एवं अक्षरवार्ता अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका के सम्पादक और कृष्ण बसंती शैक्षणिक एवं सामाजिक जनकल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोहन बैरागी ने बताया कि समारोह में देश के दस से अधिक राज्यों के शिक्षाविद, प्राध्यापक, संस्कृतिकर्मी एवं शोधकताओं को अतिथियों द्वारा कृष्ण बसन्ती अंतरराष्ट्रीय अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जाएगा। दिनांक 18 मई, सोमवार को प्रातः 10.30 बजे वाग्देवी भवन, हिंदी अध्ययनशाला, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर और राष्ट्रीय सन्त बालयोगी पूज्यश्री उमेशनाथ जी महाराज, संसद सदस्य, राज्यसभा मप्र. शासन होंगे। अध्यक्षता सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज करेंगे। सारस्वत अतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र, कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा होंगे।



संगोष्ठी के समन्वयक सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के आचार्य प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि समारोह में साहित्य के क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण पुस्तकें जयश्री उपाध्याय, बड़वाह के ललित निबन्ध संग्रह एवं डॉ. मोहन बैरागी के कहानी संग्रह ढाई आखर की खोज का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### भाजपा जिला नीमच का जिला प्रशिक्षण वर्ग 16 एवं 17 मई को

नीमच। राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल प्रशिक्षण के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत 16 एवं 17 मई को देव रेजिडेंसी नीमच में आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशिक्षण वर्ग अभियान के तहत 16 मई शनिवार को सुबह जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ होगा एवं 17 मई रविवार सांयकाल समापन तक प्रशिक्षण वर्ग चलेगा। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारीयो को संगठन के इतिहास और जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देना है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल १२ सत्र आयोजित किए जाएंगे एवं इन सत्रों में पार्टी के वरिष्ठ सांसद, विधायक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित कार्यकताओं को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यकर्ताओं का रात्रि विश्राम प्रशिक्षण वर्ग स्थल पर ही रहेगा।

### एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। गरोठ थाना पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जस्साखेड़ी फंटा खड़ावदा गरोठ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर घेराबंदी कर आरोपी निलेश पिता बलराम निवासी पुराना बस स्टैंड गरोठ को धरदबोचा। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी निलेश के कब्जे से 40 हजार रु. कीमत की 40 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी (ड्रग्स) और 4,800 रुपये कीमत का ३ किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जब्तशुदा एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा उसे बरखेड़ा गंगासा निवासी उमर खान उर्फ उमर फारुख पिता मोहम्मद खान ने सप्लाई किया था। इस खुलासे के बाद गरोठ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सह-आरोपी और आदतन अपराधी उमर फारुख खान को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस रिकार्ड अनुसार पकड़ा गया मुख्य सप्लायर उमर फारुख खान एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में 14 गंभीर मामले दर्ज हैं।

### स्वदेशी जागरण मंच का 31 को आयोजित होगा जिला विचार वर्ग

**मंदसौर।** स्वदेशी जागरण मंच मंदसौर की बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 31 मई को मंदसौर के हाफिज कॉलोनी स्थित संघ कार्यालय में एक जिला विचार वर्ग का आयोजन किया जाएगा। इस एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण वर्ग की सफलता के लिए विस्तृत रूपरेखा और कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कार्यकताओं को राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर के वरिष्ठ मार्गदर्शकों का पाथेय और बौद्धिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग संयोजक दिलीप व्यास ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत को एक आत्मनिर्भर और मजबूत आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाना बेहद अनिवार्य है।

---

पुलिस ने गैंग के चार मुख्य आरोपियों को रंगे हाथों दबोचकर उनके पास से सामान व वाहन बरामद किया

# 7 मिनट में ग्रिल काटकर डकैती करने वाली अंतर्राज्यीय लच्छु गैंग के 4 शातिर बदमाश गिरफ्तार, 37 लाख का माल जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने देश के 11 राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर अंतर्राज्यीय डकैत च्लच्छु गैंगज के गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गैंग के चार मुख्य आरोपियों को रंगे हाथों दबोचकर उनके पास से कुल 37 लाख रुपये मूल्य का मशरूका (सामान व वाहन) बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि यह पूरी कार्रवाई 16 मई 2026 को मिली एक गोपनीय सूचना के बाद की गई। पुलिस को मुखबिर से खबर मिली थी कि देश के कई राज्यों में महज सात मिनट के भीतर खिड़की या दरवाजे की ग्रिल काटकर डकैती डालने में माहिर लच्छु गैंग के शातिर बदमाश नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर बैठकर अगली बड़ी चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया और मौके पर दबिश देकर घेराबंदी करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में थाना नाहरगढ़ पर भादसं की धारा ३१३ के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पकड़े गए आरोपियों में गणेश उर्फ गणपत (28 वर्ष) और कैलाश उर्फ बिशन (50 वर्ष) दोनों निवासी रंजीतगढ़, थाना बोरी, जिला अलीराजपुर तथा छोटू (27 वर्ष) निवासी नरवाली, थाना टांडा, जिला धार एवं दिनेश उर्फ महेश (23 वर्ष) निवासी भिलवंती, थाना बाग, जिला धार शामिल हैं। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में इस गिरोह ने देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अपराध करना स्वीकार किया है, जिनमें असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के हरदा, इंदौर, बड़वानी, खंडवा, देवास, कटनी, भोपाल, ग्वालियर, रतलाम और रायसेन जैसे शहर शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 25 लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 12 लाख रुपये मूल्य की एक फोर व्हीलर गाड़ी शामिल है। इसके अलावा पुलिस ने इनके पास से वारदातों के दौरान पहचान छुपाने और ग्रिल काटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 4 मास्क, 6 ग्लब्स, 5 प्लास्टिक पेचकस, 2 इलेक्ट्रॉनिक कटर और 1 साधारण कटर भी बरामद किया है।



### रॉयल नर्सिंग कॉलेज में 120 बेड अस्पताल की सर्वसुविधा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

उच्चतम न्यायालय के आदेश और मध्य प्रदेश शासन के राजपत्र में जारी अधिसूचना के बाद सत्र 2026-27 से नर्सिंग प्रवेश नियमों में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। अब प्रदेश सहित रतलाम के अग्रणी संस्थान रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में भी भारतीय नर्सिंग परिषद के नए नियमों के तहत प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। संस्थान के प्राचार्य जगदीश डूके ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए बताया कि नए नियमों के अनुसार अब पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार का प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट नहीं देना होगा। इन दोनों ही रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में अब सीधे 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर पारदर्शी तरीके से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश पहले की तरह पीएनएसटी परीक्षा में पात्र घोषित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग के माध्यम से ही होगा। प्राचार्य ने संस्थान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग छात्रों के सर्वांगीण विकास और व्यावहारिक ज्ञान के लिए पूरी तरह सुसज्जित है.

# कार में जहर खाकर दंपती ने दी जान, सुसाइड नोट में लिखा परिवार को परेशान न करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

शहर के वायडी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देव डूंगरी माताजी मंदिर के समीप एक कार में दंपती द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान शहर के जनता कॉलोनी निवासी दुष्यंत सोनी और उनकी पत्नी उष्मिता सोनी के रूप में हुई है। दंपती ने शुक्रवार शाम को अपनी कार में बैठकर अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान शनिवार को पहले उष्मिता सोनी और उसके बाद दुष्यंत सोनी ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर वायडी नगर थाना पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर मर्ग कायम किया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

पता चला है कि जहर खाने के दौरान दोनों अपने कुछ परिचितों और दोस्तों को लगातार फोन और वीडियो कॉल कर रहे थे। बातचीत में वे बार-बार कह रहे थे कि कल हमारे कार्यक्रम में जरूर आना।



वायडी नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय के अनुसार, शुक्रवार रात को तहसीलदार और पुलिस टीम ने मौत से पहले दुष्यंत सोनी के बयान दर्ज कर लिए थे। बयान में दुष्यंत ने कार के भीतर सुसाइड नोट रखे होने की बात कही थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। सुसाइड नोट में लिखा है कि वे दोनों अपनी निजी परेशानियों और कारणों से तंग आकर अपनी मर्जी से यह आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। इसमें उनके परिवार या किसी अन्य व्यक्ति का कोई कसूर या लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह भी लिखा कि वे आखिरी समय में अपने प्रियजनों से खुद कॉल कर बात कर रहे हैं और उनके प्रियजनों को इस बारे में कुछ नहीं पता है,

इसलिए उनके जाने के बाद उनके परिवार को परेशान न किया जाए। यह दंपती अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें उनकी बेटी दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही है और बेटा 12वीं कक्षा का छात्र है।

### गैस सिलेंडर बदलते समय लगी भीषण आग, चार लोग झुलसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम लदूना में शुक्रवार देर रात एक घर में रसोई गैस सिलेंडर बदलते समय अचानक हुए रिसाव के कारण भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। यह हादसा उस समय घटित हुआ जब घर की रसोई में खाली हो चुके गैस सिलेंडर को हटाकर नया सिलेंडर लगाया जा रहा था। जैसे ही सिलेंडर का सीलबंद ढक्कन खोला गया, अत्यधिक दबाव के कारण एलपीजी गैस का तेज रिसाव होने लगा और उसने पास ही जल रहे चूल्हे की आग को पकड़ लिया, जिससे देखते ही देखते पूरी रसोई आग के गोले में तब्दील हो गई।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के रतलाम संभाग का सम्मेलन जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में रतलाम नगर में आयोजित किया जाएगा । यह निर्णय शनिवार को आयोजित संघ के रतलाम संभाग एवं रतलाम जिले के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सम्मेलन आयोजन की कार्ययोजना सहित संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार एवं सुझाव रखे ।

बैठक को संबोधित करते हुए संभाग अध्यक्ष प्रीतिपाल सिंह राणा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे प्रांताध्यक्ष शलभ जी भदौरिया के नेतृत्व में श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हितों के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहा है , इसी संघर्ष के सुखद परिणाम समय समय पर हमे प्राप्त होते रहे है और जल्द ही हमारी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू लिए जाने की माँग भी पूरी होने वाली है । श्री राणा ने कहा कि संभागीय सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए हमे जी जान से जुट जाना है और रतलाम संभाग इकाई सहित तीनो जिला इकाइयों को अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करना है । उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यदि आप संघ के किसी पद पर आसीन है तो उस पद के अनुरूप अपनी उपयोगिता संगठन के कार्यों के प्रति प्रदर्शित करना चाहिए । बैठक को प्रदेश संयुक्त सचिव भेरूलाल टांक ने संबोधित करते हुए कहा कि एकजुटता के साथ हमे अपने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना है और जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाए उसे पूरी निष्ठा से पुरी करना है । रतलाम जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने रतलाम संभागीय सम्मेलनन के आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने पिछले वर्ष शहर में प्रदेश कार्यसमिति का सफल आयोजन किया था । हम संभागीय सम्मेलन भी सभी साथी समन्वय के साथ मिलकर ऐतिहासिक रूप से आयोजित करेंगे ।



# खंडवा की महापौर ने कृषक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा



शासन के निर्देश अनुसार कृषि विभाग की योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से कृषक जागरूकता रथ खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह तोमर और तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, परियोजना संचालक आत्मा श्री ए. एस. सोलंकी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक श्री डी.के. वाणी, सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। उपसंचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि कृषक रथ का संचालन आगामी 10 दिवस के लिए किया गया है। यह कृषि रथ जिले के सभी विकास खंडों की सभी ग्राम पंचायतों में जाएगा । इस कृषि रथ के माध्यम से कृषकों को ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा उर्वरकों का अनुशंसा अनुसार उपयोग करने, जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार-प्रसार, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, पराली प्रबंधन के बारे में किसानों को जानकारी दी जाएगी। कृषि अभियांत्रिकी द्वारा खरीफ पूर्व, खेतों का समतलीकरण, स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधि कारियों, कृषि उद्यमी तथा प्रगतिशील कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा। ₹कृषि रथ₹ के सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी विभाग एवं आत्मा के अधिकारियों की निर्धारित रूट चार्ट अनुसार ड्यूटी लगाने के आदेश जारी किए हैं। उपसंचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि इसी तरह के कृषि रथ जिले के अन्य विकास खंड मुख्यालय से भी जन प्रतिनिधियों ने रवाना किए। उन्होंने बताया कि विकासखंड छैगांव माखन मे जनपद अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह सावनेर ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जबकि मूंदी से कृषि रथ को विधायक नारायण पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



## जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जुड़ेगा रतलाम-खाचरौद मार्ग

**रतलाम।** रतलाम-खाचरौद मार्ग को जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा जल्द क्रियान्वित होने वाली है। इस योजना के तहत फोर-लेन विकसित कर रतलाम-खाचरौद मार्ग को ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ा जाएगा। शुक्रवार को म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को प्रस्तावित मार्ग निर्माण की योजना से अवगत कराया।श्री काश्यप ने ले-आउट देखने के बाद कुछ सुधार के साथ डी.पी.आर. तैयार करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री काश्यप को एमपीआरडीसी के डिविजनल मैनेजर विजय सिंह ने बताया कि जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ने के लिए रतलाम-खाचरौद मार्ग फोर-लेन बनेगा। आबादी क्षेत्र वाले गांव में इसे बाहर से बायपास डालकर निकाला जाएगा। श्री काश्यप ने प्रेजेंटेशन देखने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एमपीआरडीसी के एजीएम अमित भूरिया आदि मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 220 करोड़ की लागत से रतलाम-खाचरौद फोर-लेन निर्माण कर उसे जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ने की घोषणा की थी।

# योजनाओं के प्रसार के लिए जन भागीदारी सबसे दूर-सबसे पहले अभियान शुरू होगा

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

जनजातीय वर्ग के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार करने और इन योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 18 से 25 मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान ₹जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले₹ अभियान संचालित किया जाएगा।

इस दौरान जनजातीय समुदायों के हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले की सभी जनपद पंचायतों के चयनित ग्रामों में जनपद के चयनित ग्रामों में लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार बलडी के 8 ग्रामों, छेगावमाखन ब्लॉक के 70 ग्रामों, हरसूद विकासखंड के 6 गांव, खालवा विकासखंड के कुल 109 गांव, खंडवा विकासखंड के 17, पंधाना विकासखंड के 58 तथा पुनासा विकासखंड के 37 गांवो में ये शिविर आयोजित होंगे।

इन शिविरों में कुल 18 विभाग की 25 सेवाओं से जनजाति वर्ग के ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा और सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी व्यक्ति उसकी पात्रता अनुसार योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

## उत्तराखंड यात्रा पर निकले यात्रियों का पोरवाल परिवार ने किया पुष्पमालाओ से किया स्वागत



**पिपलिया मंडी।** 15 मई शुक्रवार को कल्पना ट्रेवल्स से उत्तराखंड की यात्रा पर निकले सितामऊ क्षेत्र के यात्रियों का रिच्छा के पोरवाल परिवार में श्रीमती गुड्डीबाई पोरवाल, राधेश्याम पोरवाल, गोबिंद पोरवाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने स्थानीय चौपाटी पर स्वागत किया।

# डेंगू दिवस पर जिला अस्पताल में शपथ दिलाई

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

मानसून की दस्तक से पहले डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों पर रोकथाम करने के लिए शनिवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से समाज में डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके उन्मूलन की शपथ ली। सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि डेंगू दिवस मनाने का उद्देश्य केवल चर्चा करना नहीं बल्कि धरातल पर कड़े कदम उठाना है। उन्होंने बताया कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखे घर के आसपास सफाई रखें। साथ ही छत पर प्रयोग में ना आने वाले कंटेनर टायर आदि न रखें क्योंकि बारिश के मौसम में इनमें पानी जमा होता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं । उन्होंने नागरिकों को सुझाव दिया है कि डेंगू से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, अपने आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव नहीं होने दें । उन्होंने बताया कि बुखार आने पर तुरंत निकट के अस्पताल में जाएं ताकि समय पर इसका इलाज हो सके। कार्यक्रम में महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर योगेश शर्मा ने बताया कि डेंगू एक रोके जाने योग्य बीमारी है, जो साफ ठहरे हुए पानी में पनपने वाले एडीज मच्छर के काटने से होती है।



## वॉलमार्ट ग्रोथ समिट में सीईओ इंजीनियर आनंद कश्यप के स्टार्टअप को सराहा

मंदसौर। मंदसौर के युवा इंजीनियर आनंद कश्यप ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित प्रतिष्ठित च्वॉलमार्ट ग्रोथ समिट 2026 में आनंद को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इस समिट के लिए पूरे भारत से महज ६ उभरते हुए उद्यमियों का चयन किया गया था, जिनमें आनंद कश्यप मध्य प्रदेश और सेंट्रल इंडिया के इकलौते प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता और अनूठे व्यावसायिक मॉडल को देखकर वॉलमार्ट के ग्लोबल सीईओ जॉन फर्नर ने उनसे व्यक्तिगत मुलाकात की, उनके कार्यों की जमकर सराहना की और उन्हें वैश्विक मंच पर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।आनंद कश्यप ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद विभिन्न कंपनियों में १२ वर्षों तक काम किया। इसी प्रेरणा के चलते उन्होंने लाखों रुपये की नौकरी को अलविदा कह दिया और अपने गृह नगर मंदसौर लौटकर च्ऑर्गेनिक आनंदज नाम से एक नए स्टार्टअप की नींव रखी। उन्होंने बिना किसी हानिकारक केमिकल और प्रिजर्वेटिव के शुद्ध उत्पादों को देश के कोने-कोने में घर-घर तक पहुँचाने का काम किया है।

# जलगोन में थाना पानसेमल पुलिस का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना पानसेमल पुलिस द्वारा आज दिनांक 16 मई 2026 को ग्राम जलगोन में आम नागरिकों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना रहा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणजनों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, ओवरस्पीडिंग एवं शराब पीकर वाहन चलाने से बचने हेतु प्रेरित किया गया।

ग्राम में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लाभ बताए गए। पुलिस द्वारा बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम एवं जांच में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

### साइबर फ्रॉड से बचाव संबंधी जानकारी दी गई

कार्यक्रम में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं ओटीपी साझा न करने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

### महिला सुरक्षा एवं सामाजिक सहयोग पर चर्चा

ग्रामीणों को डायल 100/112 सेवा, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान एवं सामाजिक सहभागिता से अपराध नियंत्रण जैसे विषयों पर भी जानकारी साझा की गईकार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजनों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव पुलिस के समक्ष रखे, जिनके निराकरण हेतु पुलिस द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। अंत में पानसेमल पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि सुरक्षित एवं अपराधमुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

# अफीम व डोडाचूरा की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को 11-11 वर्ष की सजा

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा कार में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम तथा 100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपीगण (1) रवि पिता शंकरलाल सुथार, उम्र-24 वर्ष, निवासी-ग्राम आरड़ी, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर व (2) विजयसिंह पिता मांगूसिंह, उम्र-26 वर्ष, निवासी-ग्राम पीर गुराडिया, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर को धारा 8/15(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 11-11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 01-01 लाख रुपए अर्थदण्ड, धारा 8/18(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 20-20 हजार रुपए अर्थदण्ड एवं धारा 347(1) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जानकारी के अनुसार अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना 23.05.24 को देर रात्रि मंदसौर-रतलाम हाइवे स्थित माननखेड़ा टोल प्लाजा की हैं। कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ग्रे रंग की मारूति कार से अफीम व डोडाचूरा की तस्करी की खेप महाराष्ट्र पँहुचने वाली हैं। मुखबीर सूचना पर से निवारक दल का गठन कर टोल नाके पर नाकाबंदी किये जाने पर मन्दसौर की तरफ से कार आती हुई दिखाई दी, जिसको घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया, परंतु कार चालक के द्वारा शासकीय स्कॉर्पियो वाहन को टक्कर मारकर कई बार भागने की कोशिश की, परंतु निवारक दल के एक सदस्य राईफल से कार के आगे के टायर के पास फायर किया, जो कार के रेडियेटर पर लगा जिससे कार बंद हो गई थी।

## पंचायत चलो अभियान के तहत बरखेड़ा पंथ में संगठन में हुआ विस्तार

पिपलिया मंडी। बरखेड़ा पंथ, मल्हारगढ़ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चल रहे *₹पंचायत चलो अभियान₹ के तहत जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बरखेड़ा पंथ में संगठन को मजबूत करने हेतु नवीन नियुक्तियां की गईं। यह नियुक्तियां *यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष श्री बल्लू गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष श्री विजेश मालेचा एवं मल्हारगढ़ मंडलम अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शक्तावत के नेतृत्व में संपन्न हुईं। नवीन नियुक्तियां-ग्राम पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण कारपेंटर यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष श्री महेश चढ़ावत साथ ही अन्य पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग जिलाअध्यक्ष कचरूलाल चढ़ावत, राजमल पाटीदार ,अनुपम राठौर ,मधुसूदन पाटीदार ,कृष्णकांत माली , परशुराम पाटीदार ,सुरेश पाटीदार ,बाबूलाल मेघवाल , कमलेश श्रीमाल, नरेश सैनी ,लालचंद सैनी ,लक्ष्मीनारायण पाटीदार ,जगदीश माकनिया ,शंकर लाल पाटीदार ,राहुल धनगर , दिनेश पवार, अनिल पाटीदार, घनश्याम टेलर, सुनील चढ़ावत ,मनोहरलाल कारपेंटर ,आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## रणबीर कपूर ने अयोध्या में 3.31 करोड़ की जमीन खरीदी

### रामायण' में निभाएंगे भगवान राम का रोल, अमिताभ ने भी किया था निवेश

एक्टर रणबीर कपूर ने अयोध्या के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट द सरयू में जमीन खरीदी है। यह प्रोजेक्ट द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा का प्रीमियम प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है। न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि कंपनी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यह डील 3.31 करोड़ रुपए में हुई है। खरीदी गई जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,134 वर्ग फीट है। अमिताभ बच्चन के बाद 'द सरयू' में निवेश करने वाले रणबीर कपूर दूसरे बड़े एक्टर बने हैं। द सरयू 75 एकड़ में फैला प्रोजेक्ट है, जो सरयू नदी के किनारे स्थित है। इस प्रोजेक्ट में ग्रैंड क्लब हाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और द लीला होटल्स का पांच एकड़ में बनने वाला शुद्ध शाकाहारी लग्जरी होटल शामिल है।

**रणबीर बोले- अयोध्या ने मुझे चुना-** रणबीर ने बयान में कहा कि उन्हें लगता है कि अयोध्या ने उन्हें चुना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या भारत के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है और द सरयू में यह जमीन उनके परिवार की विरासत का हिस्सा बनेगी। एचओएबीएल के चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने कहा कि अयोध्या सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और दुनिया भर का ध्यान खींचने की वजह से शहर में लंबे समय तक विकास की संभावना है। उन्होंने कहा कि रणबीर कपूर का इन्वेस्टमेंट दिखाता है कि खरीदार अयोध्या को न केवल इमोशनली बल्कि भविष्य के नजरिए से भी एक महत्वपूर्ण इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में देख रहे हैं।

**रामायण में भगवान राम बनेंगे रणबीर-** गौरतलब है कि यह इन्वेस्टमेंट ऐसे समय में सामने आया है, जब रणबीर डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं। हनुमान जयंती के मौके पर फिल्म से रणबीर का भगवान राम के रूप में लुक भी सामने आया था। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे।

# अमरी के बाद चर्चा में आई अमृता प्रीतम की बायोपिक

भंसाली का सपना और साहिर का इश्क, क्या बड़े पर्दे पर दिखेगा अमृता-इमरोज का रिश्ता?




फिल्ममेकर मीरा नायर ने हाल ही में मशहूर चित्रकार अमृता शेरगिल के जीवन से प्रेरित अपनी नई फिल्म अमरी का ऐलान किया। इसके बाद से इंडस्ट्री में एक बार फिर अमृता प्रीतम की भी बायोपिक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई।


खबरें सामने आते ही बॉलीवुड में उस दूसरी अमृता यानि अमृता प्रीतम की अधूरी कहानी फिर याद की जाने लगी, जिस पर सालों से फिल्म बनाने की कोशिशें होती रही हैं।

**भंसाली का ड्रीम प्रोजेक्ट बनकर रह गई गुस्ताखियां-** अमृता प्रीतम की जिंदगी को बड़े परदे पर उतारने की सबसे बड़ी कोशिश संजय लीला भंसाली ने की थी। गुस्ताखियां नाम के प्रोजेक्ट पर वह लंबे समय तक काम करते रहे हैं।

**शाहरुख- प्रियंका के नाम ने भी बटोरी थीं सुर्खियां-** भंसाली की फिल्म के लिए पहले ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम सामने आया था। बाद में करीना कपूर खान भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ीं। हालांकि, मेल लीड और डेट्स की समस्याओं के चलते फिल्म आगे नहीं बढ़ पाई। भंसाली के अलावा डायरेक्टर जसमीत के. रीन ने भी अमृता प्रीतम और साहिर की कहानी पर काम शुरू किया था। शाहरुख खान, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के जरिए इसे प्रोड्यूस कर करने वाले थे और संभवतः खुद साहिर का किरदार भी प्ले करते। वहीं, अमृता प्रीतम के रोल के लिए सबसे ज्यादा चर्चा प्रियंका चोपड़ा जोनास के नाम की थी।

### अमरी का रिस्पॉन्स मेकर्स को देगा एक नई हिम्मत

माना जा रहा है कि अगर अमरी दर्शकों और क्रिटिक्स के बीच चर्चा का विषय बनती है, तो फिल्ममेकर्स फिर से अमृता प्रीतम की कहानी को बड़े परदे पर लाने का रिस्क ले सकते हैं। फिलहाल, हिंदी सिनेमा की यह सबसे चर्चित अधूरी बायोपिक्स में से एक बनी हुई है, जिसका इंतजार दर्शकों को सालों से है। जानकारों के मुताबिक, अमृता प्रीतम की कहानी में प्रेम, दर्द, विद्रोह और साहित्य का ऐसा मेल है, जो बड़े परदे के लिए परफेक्ट माना जाता है। साहिर लुधियानवी के लिए उनका प्रेम, उनकी कविताएं और बाद में इमरोज के साथ उनका रिश्ता हमेशा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। यही वजह है कि हर दौर के बड़े फिल्ममेकर्स उनकी जिंदगी को बेहद सिनेमैटिक मानते रहे हैं।




## सूर्या की 140 करोड़ की फिल्म करुप्पु रिलीज से पहले लीक का खतरा

### गलती से थिएटरों में चला शो तो मचा हड़कंप

तमिल सुपरस्टार सूर्या और तृषा कृष्णन की बहुप्रतीक्षित फिल्म करुप्पु रिलीज से पहले ही बड़े विवाद में घिर गई है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी इस फिल्म के कुछ शो कथित तौर पर मानवीय भूल के चलते मुंबई, पुणे और वाराणसी के कुछ सिनेमाघरों में गलती से चला दिए गए, जबकि देशभर में आधिकारिक रूप से सभी शो रद्द कर दिए गए थे। इस घटना के बाद फिल्म निर्माताओं में हड़कंप मच गया है और अब उन्हें फिल्म के पायरेट होने का गंभीर डर सताने लगा है।

गुरुवार को दक्षिण भारत सहित कई हिस्सों में फिल्म देखने पहुंचे दर्शकों को अचानक बताया गया कि सभी शो रद्द कर दिए गए हैं। इससे प्रशंसकों में भारी निराशा फैल गई। इसी बीच सोशल मीडिया पर मुंबई, पुणे और वाराणसी के कुछ थिएटरों से वीडियो वायरल होने लगे, जिनमें दर्शक फिल्म के स्क्रीनिंग हॉल के अंदर दिखाई दे रहे थे। कई लोगों को पहले लगा कि ये वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए फर्जी क्लिप हैं, लेकिन बाद में साफ हुआ कि कुछ सिनेमाघरों में वास्तव में फिल्म का प्रदर्शन हो गया था।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में फिल्म के कई अहम दृश्य और कथित स्पॉइलर भी सामने आने लगे। इससे फिल्म की टीम की चिंता और बढ़ गई। फिल्म के संगीतकार जी.वी. प्रकाश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह टीम करुप्पु और सूर्या के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण समय है और सभी को पायरेसी का समर्थन नहीं करना चाहिए। वहीं निर्देशक वेंकट प्रभु ने भी कहा कि करुप्पु जैसी फिल्म बड़े पर्दे पर देखने का अनुभव है और उम्मीद है कि जल्द सब कुछ ठीक हो जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम के बाद प्रोड्यूसर्स काउंसिल में आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में फिल्म के निर्माता एसआर प्रभु, ज्ञानवेलराजा और प्रोड्यूसर्स काउंसिल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए काउंसिल के महासचिव टी। शिवा ने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाली घटना है कि डिजिटल सिनेमा सिस्टम संभालने वाली कंपनी क्यूब ने निर्माता की अनुमति के बिना फिल्म का प्रदर्शन कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 140 करोड़ रुपये की बड़ी फिल्म इस तरह गलती से स्क्रीन हो सकती है, तो निर्माताओं को सुरक्षा की क्या गारंटी मिलेगी।

# रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' के सेट पर हादसा

### चेन्नई की फिल्म सिटी में करंट लगने से 28 साल के कर्मचारी की मौत

सुपरस्टार रजनीकांत की आने वाली तमिल फिल्म 'जेलर 2' के सेट पर करंट लगने से एक कर्मचारी की मौत हो गई है। यह हादसा चेन्नई के ईस्ट कोस्ट रोड पर पनैयूर स्थित आदित्यराम फिल्म सिटी के एक सेट पर हुआ। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक की पहचान 28 साल के कार्तिकेयन के तौर पर हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक, कार्तिकेयन फिल्म की शूटिंग के लिए घर जैसा सेट तैयार करने का काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें जोरदार करंट लगा, जिससे उनकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, कार्तिकेयन आर्ट डायरेक्शन से जुड़े काम में लगे हुए थे। कनाथुर पुलिस ने बताया कि मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पुलिस फिलहाल उस परिस्थिति की जांच कर रही है, जिसकी वजह से बिजली का लीकेज हुआ।

**जेलर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी-** यह घटना उस घोषणा के कुछ दिनों बाद हुई है, जब फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी सन पिक्चर्स ने बताया था कि जेलर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है। 21 अप्रैल को मेकर्स ने सोशल मीडिया पर रैप-अप पार्टी की तस्वीरें शेयर की थीं, जिनमें रजनीकांत और डायरेक्टर नेल्सन कलाकारों और क्रू के साथ केक काटते नजर आए थे।



**फिल्म की रिलीज डेट बदल सकती है-** रजनीकांत ने पहले मीडिया को बताया था कि फिल्म 12 जून को रिलीज हो सकती है। वहीं, हाल ही में पिंकविला की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव हो सकता है। अब फिल्म को 4 सितंबर 2026 को रिलीज किए जाने की संभावना जताई जा रही है। यह तारीख कृष्ण जयंती के मौके पर पड़ रही है। फिल्म 2023 की ब्लॉकबस्टर जेलर का सीक्वल है। इसमें रजनीकांत के अलावा राम्या कृष्णन, योगी बाबू और मिर्ना अपने पुराने किरदारों में लौटेंगे। पहली फिल्म में मोहनलाल, शिवराजकुमार और जैकी श्रॉफ ने कैमियो किया था। विनायकन, वसंत रवि, तमन्ना भाटिया भी अहम रोल में दिखे थे। सैकनिल्क के मुताबिक, लगभग 200 करोड़ रुपए के बजट में बनी जेलर ने दुनिया भर में 604.5 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### साउथ फिल्मों के सेट पर पहले भी हादसे हुए

गौरतलब है कि इससे पहले भी साउथ फिल्मों के सेट पर हादसे हुए हैं। फिल्म सरदार 2 के सेट पर 54 साल के स्टंटमैन एस. एलुमलाई की मौत स्टंट रिहर्सल के दौरान 20 फीट ऊंचाई से गिरने के कारण हुई थी।

वहीं, कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 के सेट पर 19 फरवरी 2020 को बड़ा हादसा हुआ था। यह हादसा चेन्नई के ईवीपी फिल्म सिटी में रात के शूट के दौरान हुआ। शूटिंग के समय एक बड़ी क्रेन पर भारी लाइटिंग सेट लगाया गया था। अचानक क्रेन गिर गई और वहां मौजूद कई लोग उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में असिस्टेंट डायरेक्टर कृष्णा, आर्ट असिस्टेंट चंदन और प्रोडक्शन असिस्टेंट मधु शामिल थे। कई अन्य लोग घायल भी हुए थे। हादसे के बाद पुलिस ने लापरवाही का केस दर्ज किया था।

## आईपीएल -गुजरात 5 जीत के बाद हारी, कोलकाता 29 रन से जीती

# एलन ने 93 रन बनाए, गिल के 85 रन काम नहीं आए

### आईपीएल 2026 में 52वीं बार 200+ स्कोर बना, सुदर्शन सबसे तेज 3 हजार टी-20 रन वाले बैटर, कोलकाता ने 22 सिक्स लगाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता



कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के 60वें मैच में गुजरात टाइटंस को 29 रन से हरा दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता ने 247 रन का बनाए। 248 रन का पीछा कर रही गुजरात 218/4 का स्कोर बना सकी। यह आईपीएल 2026 में 52वीं बार रहा, जब किसी टीम ने 200+ टोटल बनाया। मैच में कुल 22 सिक्स लगे। वहीं गुजरात के साई सुदर्शन सबसे तेज 3000 टी-20 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

- **आईपीएल 2026 में एक सीजन में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर की बराबरी की-** आईपीएल 2026 में अब तक 52 बार टीमों ने 200+ टोटल बनाए हैं। यह आईपीएल इतिहास में किसी एक सीजन में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इससे पहले पिछले सीजन भी 52 बार 200+ स्कोर बने थे।
- **सुदर्शन सबसे तेज 3 हजार टी-20 रन बनाने वाले बैटर-** गुजरात के बल्लेबाज साई सुदर्शन सबसे तेज 3 हजार रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने 78 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। सुदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 85 पारियों में 3000 टी-20 रन पूरे किए थे।
- **सुदर्शन लगातार चौथी बार 50+ स्कोर बनाने वाले गुजरात के पहले बल्लेबाज-** साई सुदर्शन लगातार चौथी पारी में 50+ स्कोर बनाने वाले गुजरात टाइटंस के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 2026 सीजन में यह कारनामा किया। उनसे पहले हार्दिक पंड्या ने 2022 सीजन में तीन बार यह कारनामा किया था।
- **सुदर्शन ने गुजरात के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर की बराबरी की-** साई सुदर्शन आईपीएल 2026 में 7 बार 50+ स्कोर बना चुके हैं। उन्होंने शुभमन गिल और अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। गिल ने 2023 के सीजन में 7 बार फिफ्टी लगाई थी।
- **गिल लगातार दूसरे सीजन 500+ रन बनाने वाले कप्तान-** गुजरात के कप्तान शुभमन गिल लगातार दूसरे आईपीएल सीजन में 500+ रन बनाने वाले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 2025 और 2026, दोनों सीजन में यह उपलब्धि हासिल की। लगातार सबसे ज्यादा सीजन में कप्तान रहते हुए 500+ रन बनाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर और केएल राहुल के नाम है, जिन्होंने लगातार 3-3 सीजन में ऐसा किया था।
- **गिल ने कोलकाता के खिलाफ लगातार तीसरी 50+ पारी खेली-** शुभमन गिल ने कोलकाता के खिलाफ लगातार तीसरी बार 50+ स्कोर बनाया। वे आईपीएल में केकेआर के खिलाफ लगातार तीन 50+ स्कोर बनाने वाले छठे बल्लेबाज बने।
- **गुजरात के लिए एक पारी में दूसरी बार 3 बल्लेबाजों ने लगाए 50+ स्कोर-** गुजरात टाइटंस की पारी में शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन ने 50+ स्कोर बनाए। आईपीएल में यह दूसरी बार हुआ, जब गुजरात के तीन बल्लेबाजों ने एक ही पारी में फिफ्टी लगाई।
- **गुजरात की 5 मैचों बाद हार, कोलकाता ने घर में पहली बार हराया-** गुजरात की लगातार 5 जीत के बाद यह पहली हार रही। इससे पहले टीम ने 2022 में भी लगातार 5 मुकाबले जीते थे। वहीं, कोलकाता ने गुजरात के खिलाफ 6 मैचों में सिर्फ दूसरी जीत दर्ज की। ईडन गार्डन्स में गुजरात के खिलाफ कोलकाता की यह पहली जीत भी रही।
- **कोलकाता ने बनाया अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर-** कोलकाता नाइट राइडर्स ने 247/2 का स्कोर बनाया, जो टीम का आईपीएल में तीसरा सबसे बड़ा टोटल है। यह गुजरात टाइटंस के खिलाफ किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। कोलकाता का टूर्नामेंट में सबसे बड़ा आईपीएल स्कोर दिल्ली के खिलाफ 2024 में आया था। टीम ने विशाखापट्नम में 7 विकेट खोकर 272 रन बनाए थे।
- **कोलकाता ने अपनी पारी में 22 सिक्स लगाए-** कोलकाता ने पारी में 22 सिक्स लगा दिए, जो आईपीएल इतिहास में एक पारी में संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा हैं। पहले नंबर पर 24 सिक्स के साथ पंजाब किंग्स हैं। टीम ने कोलकाता के खिलाफ ही 2024 में यह कारनामा किया था।
- **फिन एलन ने 10 सिक्स लगाए-** कोलकाता के बल्लेबाज फिन एलन ने गुजरात के खिलाफ 93 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी इनिंग में 10 छक्के लगाए, जो कोलकाता के किसी बल्लेबाज द्वारा आईपीएल पारी में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा हैं। एलन आईपीएल में दो बार एक इनिंग में 10+ सिक्स लगाने वाले चौथे बल्लेबाज भी बने। 93 रन की यह पारी गुजरात के खिलाफ किसी कोलकाता बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है।
- **रघुवंशी ने 5वीं बार 50+ स्कोर बनाया-** अंगकृष रघुवंशी ने 82 रन की नाबाद पारी खेली, जो उनके आईपीएल करियर का सबसे बड़ा स्कोर है। वह आईपीएल 2026 में डङफके लिए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। कोलकाता के लिए इस सीजन उन्होंने 5वीं बार 50+ का स्कोर बनाया। रघुवंशी आईपीएल इतिहास में एक सीजन में 5+ फिफ्टी लगाने वाले चौथे अनकैप्ड खिलाड़ी भी बने। शॉन मार्श इस मामले में पहले पर पायदान पर हैं। उनके नाम 6 फिफ्टी हैं।

## आईपीएल में आज बेंगलुरु-पंजाब

# धर्मशाला में बेंगलुरु को 15 साल से हरा नहीं पाया पंजाब



ब्रह्मास्त्र ▸▸ धर्मशाला

आईपीएल में रविवार को पिछले सीजन का फाइनल खेलने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबला दोपहर 3:30 बजे से धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की टीम इस मैदान पर बेंगलुरु को पिछले 15 साल से नहीं हरा सकी है। पंजाब को आखिरी जीत 2011 में मिली थी। 2024 के मुकाबले में टीम 60 रन से हारी थी। इसे फॉर्म बनाम प्रेशर का मैच भी कहा जा रहा है। क्योंकि, बेंगलुरु लगातार 2 मैच जीतकर प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंच गई है, जबकि पंजाब लगातार 5 हार के बाद दबाव में है। बेंगलुरु ने उसे पिछले सीजन में 3 बार हराया था।

इस मुकाबले में पंजाब के पास होम कंडीशन में बेंगलुरु से हिसाब बराबर करने का मौका है। हेड-टु-हेड रिकॉर्ड में भी बेंगलुरु आगे है। दोनों के बीच 37 मैच हुए हैं। इनमें 19 बेंगलुरु और 18 पंजाब ने जीते हैं।

**कोहली बेंगलुरु के टॉप स्कोरर-** ओपनर विराट कोहली बेंगलुरु के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 12 मैचों में 165.75 के स्ट्राइक रेट से 484 रन बनाए हैं। वे आज 500 रन पूरे कर सकते हैं। विराट ने पिछले मैच में कोलकाता के खिलाफ 60 बॉल पर नाबाद 105 रन बनाए थे। भुवनेश्वर कुमार 22 विकेट के साथ टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में नंबर-1 हैं।

**प्रभसिमरन ने पंजाब से सबसे ज्यादा रन बनाए-** ओपनर प्रभसिमरन सिंह इस सीजन में पंजाब के टॉप स्कोरर हैं। वे 12 मैचों में 5 फिफ्टी के साथ 439 रन बना चुके हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## चांदी आयात के नियम कड़े किए

# कीमती धातुओं पर शुल्क बढ़ाने के बाद फैसला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सरकार ने चांदी के आयात से जुड़ नियम कड़े कर दिए हैं। इससे यह यह 'मुक्त' से प्रतिबंधित श्रेणी में आ गया है। यह कदम कीमती धातुओं पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने के कुछ दिनों बाद आया है, इसका उद्देश्य व्यापार संतुलन को प्रभावित करना है। सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम तत्काल प्रभाव से कड़े कर दिए हैं। यह कदम कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया है। इस फैसले से घरेलू बाजार और व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की उम्मीद है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। चांदी की आयात नीति को 'मुक्त' से 'प्रतिबंधित' श्रेणी में संशोधित किया गया है। इसमें सोने और प्लैटिनम से चढ़ी चांदी भी शामिल है। प्रतिबंधित श्रेणी के तहत आने वाले सामानों के आयात के लिए अब सरकार से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

सरकार ने 13 मई को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बड़ी वृद्धि की थी। आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह लगातार दूसरा बड़ा कदम है जो कीमती धातुओं के आयात को प्रभावित करेगा। इन कदमों से देश में चांदी के व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा।

**आयात नीति में बदलाव–** सरकार ने चांदी के आयात को लेकर अपनी नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चांदी का आयात मुक्त श्रेणी में आता था, जिसका अर्थ था कि इसे आसानी से आयात किया जा सकता था। अब इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। इस बदलाव का मतलब है कि आयातकों को अब चांदी मंगाने के लिए सरकारी अनुमति लेनी होगी। यह प्रक्रिया आयात को और अधिक नियंत्रित और जटिल बना देगी।

## आपदाओं से मेहनत की कमाई बचाने के लिए क्यों जरूरी है होम इंश्योरेंस?

# जीवन की तरह संपत्ति का भी बीमा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ रहा है, लेकिन संपत्ति के बीमा का स्तर 1% से भी कम है। 2026 के आंकड़े बताते हैं कि 92-95% नुकसान का बोझ सीधे जनता की जेब पर पड़ता है। आईआरडीएआई के नए नियमों ने अब क्लेम प्रक्रिया को आसान और ग्राहक-अनुकूल बना दिया है, जिससे मामूली प्रीमियम पर घर और दुकान को आग, बाढ़ और भूकंप जैसे खतरों से सुरक्षित किया जा सकता है।

भारत में संपत्ति का सुरक्षा घेरा बहुत कमजोर है। आग, बाढ़ और भूकंप जैसी कोई बड़ी आपदा किसी भी मिडिल क्लास परिवार को गरीबी रेखा के नीचे धकेलने के लिए काफी है। 2026 का सबसे बड़ा सबक यही है-संपत्ति बनाना जितना जरूरी है, उसे बीमा से सुरक्षित करना उससे कहीं ज्यादा अनिवार्य है। विराज ने 10 साल तक दिन-रात मेहनत करके नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक आइटम की दुकान खड़ी की थी। दुकान को नया लुक देने के लिए विराज ने शानदार इंटीरियर और महंगे एसी पर 5 लाख रुपये खर्च किए। जब उनसे किसी ने इंश्योरेंस की बात की, तो उनका जवाब था- छोड़िए भाई साहब, यहां कुछ नहीं होता, ये पैसे की बबार्दी है।

**भारत में बीमा का सुरक्षा अंतराल औसतन 92–95%–** विराज की तरह अधिकांश लोग प्रॉपर्टी इंश्योरेंस को आज भी पैसे की बबार्दी मानते हैं। यही वजह है कि भारत में बीमा का सुरक्षा अंतराल औसतन 92-95% है। इसका मतलब है कि 100 रुपये के नुकसान में से 95 रुपये का बोझ आपकी या सरकार की जेब पर पड़ता है। भारत का बीमा बाजार तेजी से बढ़ तो रहा है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियां हैं। भारत में कुल बीमा पेनेट्रेशन जीडीपी का 3.7% है, लेकिन प्रॉपर्टी इंश्योरेंस के मामले में यह 1% से भी कम है। जबकि इसकी तुलना में जोखिम लगातार बढ़ रहा है। 2024 में 365 में से 322 दिन भारत ने अत्यधिक खराब मौसम का सामना किया। 2025 में यह बढ़कर 331 दिन हो गया। 2022 से 2025 के बीच आपदाओं के कारण होने वाली मौतों में 47% का इजाफा हुआ। 2023 में 7,000 से ज्यादा आग लगने की दुर्घटनाएं हुईं।

### कैसे होता है होम इंश्योरेंस का कवरेज तय?

होम इंश्योरेंस कवरेज इस बात पर निर्भर करेगा कि आप केवल इमारत का बीमा करा रहे हैं, केवल सामान का या दोनों का। इमारत का मूल्य रिकंस्ट्रक्शन कॉस्ट होती है, न कि संपत्ति का बाजार मूल्य। इमारत का मूल्य जानने के लिए, संपत्ति के निर्मित क्षेत्र और प्रति वर्ग फुट निर्माण दर का गुणा किया जाता है। इसे उदाहरण से समझते हैंः मान लीजिए आपके घर का निर्मित क्षेत्र 1200 वर्ग फुट है और निर्माण लागत 1,500 प्रति वर्ग फुट है, तो इमारत के ढांचे के लिए बीमा राशि 18 लाख होगी।

### अनिवार्य आवश्यकता बन गया है बीमा

अमिताभ दीवान हेड, लार्ज कॉरपोरेट रिस्क, पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस का कहना है कि हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां हम मौसम, पावर ग्रिड या हमारे आसपास के लोगों के कार्यों को नियंत्रित नहीं कर सकते। जो हम नियंत्रित कर सकते हैं, वह है हमारी तैयारी। जीवन भर की मेहनत से बनाए घर या दुकान को असुरक्षित छोड़ना वैसा ही है जैसे तूफान में दरवाजा खुला छोड़ देना। अपनी संपत्ति को एक व्यापक बीमा पॉलिसी के साथ सुरक्षित करना आपके परिवार और आपके भविष्य के लिए सबसे अधिक पेशेवर और जिम्मेदारी भरा काम है।

## पाकिस्तानी रक्षा बजट में

# 100 अरब का इजाफा




### आईएमएफ के सहारे 2.66 लाख करोड़ खर्च करने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) की बैसाखी के सहारे पाकिस्तान अगले वित्त वर्ष में रक्षा बजट में करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये की बढ़ोतरी कर सकता है। सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) समर्थित सुधार कार्यक्रम के तहत अपना बजट तैयार कर रही है। पाकिस्तानी दैनिक डॉन ने बताया कि 2026-27 के लिए रक्षा व्यय का अनुमान 2.66 लाख करोड़ रुपये लगाया गया है।

**टैरिफ पर कानूनी लड़ाई, राशि न लौटाने पर अमेरिका में अमेजन पर केस–** अमेरिका में उपभोक्ताओं ने ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनी अमेजन पर मुकदमा किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से टैरिफ लगाने के बाद बढ़ी हुई कीमतों को तो वसूला लेकिन सुप्रीम कोर्ट की तरफ से टैरिफ को असांविधानिक बताए जाने के बाद उक्त राशि को लौटाया नहीं। सिएटल स्थित संघीय अदालत में दाखिल एक सामूहिक मुकदमे में उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि ई-कॉमर्स कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले आयातित वस्तुओं पर करोड़ों डॉलर वसूले।

**भारत से नेपाल के लिए चीनी का निर्यात बंद, व्यापारी परेशान–** भारत से नेपाल को चीनी का निर्यात पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। शनिवार को झूलाघाट अंतरराष्ट्रीय बाजार में नेपाल के ग्राहक रोजमर्रा के सामान की खरीदारी करने आए। वापस नेपाल जाते समय अंतरराष्ट्रीय झूला पुल पर तैनात कस्टम विभाग ने भारत से चीनी ले जा रहे नेपाली नागरिकों से चीनी वापस करवा दी। इससे झूलाघाट बाजार के व्यापारियों में खलबली मच गई। बाद में पूछने पर कस्टम अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार ने वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए चीनी के नेपाल निर्यात पर फिलहाल 13 मई से 30 सितंबर तक पूर्ण रूप से रोक लगा दी है।

## राहुल का बड़ा आरोप, कांग्रेस बोली- यूएस के दबाव में झुकी सरकार

# ट्रेड डील नहीं अदाणी की रिहाई का सौदा किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता देशहित नहीं, बल्कि गौतम अदाणी को राहत दिलाने के लिए किया गया सौदा है। आइए विस्तार से जानते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता देशहित में नहीं, बल्कि उद्योगपति गौतम अदाणी को राहत दिलाने के लिए किया गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि समझौता करने वाले प्रधानमंत्री ने व्यापार समझौता नहीं किया, बल्कि अदाणी की रिहाई का सौदा किया है।

राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया उन रिपोर्ट्स के बाद आई है, जिनमें कहा गया कि अमेरिकी सरकार गौतम अदाणी के खिलाफ दायर मुकदमे को सुलझाने पर सहमत हो गई है। दरअसल, अमेरिका में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि अदाणी समूह ने भारत में अपनी बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए कथित रिश्वतखोरी योजना को छिपाया और निवेशकों को गुमराह किया। गुरुवार को प्रकाशित अदालत के दस्तावेजों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार इस मामले के निपटारे के लिए तैयार हो गई है।

**जयराम रमेश ने पूछे तीखे सवाल–** कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री ने एकतरफा और अमेरिका के पक्ष में झुके भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को क्यों स्वीकार किया। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि अब यह भी स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री ने 10 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को अचानक क्यों रोक दिया। उन्होंने राष्ट्रीय हित के बजाय राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के आगे झुककर फैसला लिया। उन्होंने आगे दावा किया कि ट्रंप प्रशासन अदाणी के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े सभी आरोप हटाने की तैयारी कर रहा है। रमेश ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और कितने समझौता करेंगे?

### क्या है मामला?

- यह मामला 2024 के आखिर में अमेरिका की सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन द्वारा दायर मुकदमे से जुड़ा है। मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी ने 2020 से 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को लगभग 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने पर सहमति जताई थी। आरोपों के अनुसार, यह रिश्वत भारत में सौर ऊर्जा आपूर्ति के लाभदायक ठेके हासिल करने के लिए दी गई थी, जिनसे 20 वर्षों में करीब 2 अरब डॉलर का मुनाफा होने की उम्मीद थी।
- मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया था कि अदाणी समूह ने अमेरिकी कंपनियों समेत विभिन्न संस्थानों से करीब 2 अरब डॉलर के लोन और बॉन्ड जुटाए, जबकि कंपनी ने अपनी भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों और प्रक्रियाओं को लेकर झूठे और भ्रामक दावे किए थे। हालांकि अदाणी समूह ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है।

## पश्चिम एशिया संकट का क्या हुआ असर

# अप्रैल में भारत का निर्यात 13.78% बढ़कर $43.56 अरब के पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अप्रैल में भारत का कुल निर्यात 13.78% बढ़कर $43.56 अरब हो गया, वहीं आयात में 10% की वृद्धि हुई। अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव और विस्तृत व्यापार के आंकड़ों को जानने के लिए पूरी रिपोर्ट पढ़ें।

व्यापारिक मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अप्रैल का महीना मिले-जुले रुझानों वाला रहा है। एक तरफ जहां वैश्विक स्तर पर भारत के कुल निर्यात में शानदार दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं दूसरी ओर पश्चिम एशिया के साथ होने वाले व्यापार में एक बड़ी गिरावट देखने को मिली है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल निर्यात और आयात दोनों में बढ़ोतरी हुई है, जो घरेलू और बाहरी मांग की गतिशीलता को दर्शाता है।

**कुल निर्यात और आयात की स्थिति–** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल के महीने में भारत के कुल निर्यात ने मजबूत प्रदर्शन किया है।

**निर्यात :** अप्रैल में देश का कुल निर्यात साल-दर-साल आधार पर 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। यह वृद्धि भारतीय उत्पादों की निरंतर मांग और निर्यातकों के बेहतर प्रदर्शन को रेखांकित करती है।

**आयातः** दूसरी ओर, आयात के मोर्चे पर भी 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में भारत का कुल आयात बढ़कर 71.94 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 65.38 अरब डॉलर था।

**पश्चिम एशिया के मोर्चे पर चुनौती–** कुल व्यापारिक आंकड़ों में जहां सकारात्मकता है, वहीं क्षेत्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया के साथ व्यापारिक संबंधों में अप्रैल के दौरान सुस्ती दर्ज की गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के बयान के अनुसार, पश्चिम एशिया के साथ द्विपक्षीय व्यापार के दोनों पैमानों (आयात और निर्यात) में भारी गिरावट आई है।

## गुजरात- किरायदार ने मकान मालिक से पत्नी-बेटी का रेप कराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



गुजरात के मोरबी में किरायदार ने किराया नहीं चुका पाने पर मकान मालिक को अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के साथ रेप की इजाजत दे दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर शनिवार को किरायदार और मकान मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, परिवार करीब छह महीने पहले काम की तलाश में मोरबी आया था। उन्होंने 2 हजार रुपए महीने पर किराए का घर लिया था। आर्थिक तंगी के कारण परिवार नियमित रूप से किराया नहीं दे पा रहा था।

आरोप है कि मकान मालिक ने बकाया किराया माफ करने के बदले महिला से यौन संबंध बनाने की मांग की। पति इसके लिए तैयार हो गया। इसके बाद मकान मालिक ने महिला के साथ कई बार रेप किया। किरायदार की पत्नी के बाद मकान मालिक ने उसकी नाबालिग बेटी को भी निशाना बनाया। किरायदार ने इसके लिए भी सहमति दे दी। आरोप है कि बच्ची को अलग-अलग जगहों पर ले जाकर मकान मालिक और एक अन्य आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। यह सिलसिला पिछले छह महीने से चल रहा था। घटना की जानकारी जब महिला के पिता (बच्ची के नाना) को हुई, तो उन्होंने मोरबी 'ए' डिवीजन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### 2 आरोपी गिरफ्तार तीसरे की तलाश

मोरबी के डीएसपी जेएम आल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'ए' डिवीजन पुलिस स्टेशन के पीआई वाईबी जडेजा और उनकी टीम ने दो मुख्य आरोपियों (पति और मकान मालिक) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। तीसरे आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाई गई है।

महाराष्ट्र के अमरावती-वर्धा में तापमान 46त्व, देश में सबसे गर्म

# गुजरात के जंगल सफारी में जानवरों के लिए एसी; राजस्थान में आज से फिर हीटवेव

### भारत में सूखा-भीषण गर्मी पड़ने की आशंका:सुपर अल नीनो मई-जुलाई से सर्दियों तक जारी रहने के आसार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



देश के कई हिस्सों में आंधी-बारिश के बाद हीटवेव की फिर से वापसी हो गई है। हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के कई शहरों में शनिवार को तापमान 40त्व के ऊपर दर्ज किया गया।

महाराष्ट्र के अमरावती और वर्धा देश के सबसे गर्म शहर रहे। दोनों शहरों का तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यवतमाल और ब्रह्मपुरी में 45.2 डिग्री पारा रहा। उत्तर प्रदेश में शनिवार को बांदा राज्य का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री दर्ज किया गया। इधर, गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास स्थित जंगल सफारी (सरदार पटेल जूलॉजिकल पार्क) में जानवरों और पक्षियों के लिए अउ, कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। पर्यटकों के लिए भी ठंडे पानी और शेड की व्यवस्था की गई है।

राजस्थान में कुछ दिनों की राहत के बाद फिर से भीषण गर्मी लौटने वाली है। मौसम विभाग ने रविवार को कई इलाकों में हीटवेव और 45 डिग्री तक तापमान पहुंचने का अलर्ट जारी किया है। फलोदी में शनिवार को राज्य में सबसे ज्यादा 44.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

### अगले दो दिन के मौसम का हाल

**18 मई:** बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है। राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी। असम, मेघालय, केरलम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है।

**19 मई:** उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर भी लू चलने की आशंका है। असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी में कुछ जगहों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं चलेंगी। झारखंड में कुछ जगहों पर 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। अरुणाचल प्रदेश में बिजली गिरने की आशंका है।

भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी ह्वनेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशनह्व (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।


नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61% थी, जो अब बढ़कर 82% हो गई है।

भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा।

### अल-नीनो क्या होता है

अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असमान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

### अल-नीनो की संभावना 82% बढ़ी, दुनिया पर असर



नोआ के नए अपडेट के मुताबिक इस साल मई से जुलाई के दौरान सुपर अल नीनो डेवलप होने की 82% संभावना है। इसके सर्दियों (दिसंबर 2026 से फरवरी 2027) तक जारी रहने की 96% आशंका है। जबकि, इसके ह्वस्ट्रॉन्गह्व या ह्ववेरी स्ट्रॉन्गह्व रहने की करीब 67% आशंका है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका अब ज्यादा हो गई है। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होती है। भीषण गर्मी पड़ती है। इंडोनेशिया, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में नमी खत्म होने से सूखा पड़ता है और जंगलों में आग का खतरा बढ़ जाता है। मध्य प्रशांत क्षेत्र में समुद्र का तापमान बढ़ने से भारी बारिश और चक्रवात की स्थिति बनती है।

### भारत के कौन से इलाके सबसे ज्यादा जोखिम में

उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति बनने का सबसे ज्यादा खतरा है, जिससे लंबे सूखे और कृषि नुकसान की आशंका बढ़ सकती है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान अगस्त-सितंबर के दौरान सबसे संवेदनशील राज्यों में माने जा रहे हैं। वहीं मध्य और पश्चिम भारत में जहां अच्छी बारिश होती है वहां भी सामान्य से कम बारिश की संभावना है।

आंध्र में तीसरे-चौथे बच्चे के जन्म पर पैसे मिलेंगे:सीएम बोले- राज्य में जन्म दर बढ़ाने की जरूरत,

# कम जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को 30 हजार रुपए और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपए दिए जाएंगे। नायडू श्रीकाकुलम जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले वह जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अब जन्म दर बढ़ाने की जरूरत है। एक महीने के भीतर इसकी पूरी जानकारी जारी की जाएगी। इससे पहले आंध्र सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर चुकी है। 5 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी थी।

नायडू ने कहा कि बच्चों को बोझ नहीं, बल्कि देश की संपत्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी भी समाज की जनसंख्या स्थिर रखने के लिए प्रति महिला औसतन 2.1 बच्चों की जन्म दर जरूरी होती है। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में घटती आबादी और बुजुर्ग होती जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अप्रैल 2025 में महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि सरकारी महिला कर्मचारियों को बच्चों की संख्या चाहे जितनी हो, हर बच्चे पर 26 हफ्ते यानी 6 महीने की मातृत्व अवकाश मिलेगा।

तब तक यह अवकाश सिर्फ पहले दो बच्चों तक सीमित था। दो से ज्यादा बच्चे होने पर 12 हफ्ते की छुट्टी मिलती थी। महिला दिवस के कार्यक्रम में नायडू ने कहा था कि यह फैसला जनसंख्या संतुलन बनाए रखने और महिलाओं को नौकरी व परिवार के बीच संतुलन बनाने में मदद करने के लिए लिया गया है।

नायडू का कहना था कि दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी युवाओं की संख्या घट रही है और बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है। इसी वजह से वे लंबे समय की जनसंख्या नीति पर जोर दे रहे हैं।

नायडू के बयान को लोकसभा परिसीमन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, केंद्र की भाजपा सरकार परिसीमन को लेकर बिल संसद में एक बार रख चुकी है। दक्षिणी राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें घट जाएंगी। हालांकि यह बिल पास नहीं हो पाया था। साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी संसद में बोलते हुए समझाया था कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी।

### शाह ने बताया था- 850 का आंकड़ा कहां से आया

शाह ने कहा, मैं समझाता हूं। मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33% महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50% वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33% आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है। अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50% वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।

## राजस्थान में चलती ट्रेन में आग, स्टेशन पर बजे हूटर, त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही थी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कोटा में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के एसी कोच में आग लग गई। हादसा रविवार सुबह करीब 5.15 बजे कोटा मंडल के लूणीरीछा-विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के बीच हुआ। आग की जानकारी के बाद कोटा जंक्शन पर हूटर बजने लगे। राहत व बचाव टीम मौके के लिए रवाना हुई। जानकारी के अनुसार आगे कोच नंबर इ1 लगी थी। आग लगने की सूचना गार्ड ने सबसे पहले लोको पायलट को दी थी। इसके बाद ट्रेन को रुकवाया गया और पैसेंजर्स को बाहर निकाला गया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोच में 68 यात्री सवार थे। फिलहाल कोई जनहानि की सूचना नहीं है। टीम मौके पर पहुंची है।

## मालदीव में इटली के 5 गोताखोरों की मौतः

# समुद्र के नीचे गहरी गुफाओं की खोज में निकले थे, अभी तक सिर्फ एक गोताखोर का शव मिला

### यूनिवर्सिटी ऑफ जेनोवा से जुड़े थे चार डाइवर्स

ब्रह्मास्त्र ›› माले

मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है। खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मोनिका मोंटेफाल्कोने, जॉर्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम ह्यड्यूक ऑफ यॉर्कह्न नाम की बोट से समुद्र में गई थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार डाइवर्स इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी यॉट पर बोट ऑपरेशंस मैनेजर थे। उनका शव ही अब तक बरामद किया जा सका है।

मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलॉजिस्ट और यूनिवर्सिटी ऑफ जेनोवा में ट्रॉपिकल मरीन इकोलॉजी और अंडरवॉटर साइंस की प्रोफेसर थीं। इटली की मीडिया के मुताबिक वह मालदीव में एक आइलैंड मॉनिटरिंग कैंपेन की साइंटिफिक डायरेक्टर भी थीं। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी बेटी जॉर्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में दिलचस्पी थी। उन्होंने उसी



यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। 31 साल की म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलॉजिस्ट और इकोलॉजिस्ट थीं। उन्होंने कई वैज्ञानिक रिसर्च पेपर भी लिखे थे। वहीं, 31 साल के फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलॉजी और इकोलॉजी में डिग्री पूरी की थी। वह सर्टिफाइड स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे। बेनेडेट्टी पहले बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर में काम करते थे। बाद में उन्होंने डाइविंग के शौक के चलते 2017 में मालदीव शिफ्ट होने का फैसला किया और बोट ऑपरेशंस मैनेजर बन गए।

### खराब मौसम से रुका रेस्क्यू ऑपरेशन

रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक बेनेडेट्टी का शव अंडरवॉटर केव सिस्टम के प्रवेश द्वार के पास मिला। बाकी डाइवर्स के गुफा के अंदर फंसे होने की आशंका है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जिस केव सिस्टम में डाइवर्स गए थे, उसमें तीन बड़े चैम्बर्स हैं, जो पतले रास्तों से जुड़े हुए हैं। रेस्क्यू टीम अब तक दो चैम्बर्स की तलाशी ले चुकी है।




# ट्रम्प के बाद अब पुतिन भी चीन जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ›› बिजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन दौरे के बाद अब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी वहां जाएंगे। दोनों देशों ने इसकी पुष्टि कर दी है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक पुतिन 19 से 20 मई के बीच बीजिंग में रहेंगे। वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के न्योते पर वहां जा रहे हैं। यह इस साल पुतिन की पहली विदेश यात्रा होगी। यहां पर वे चीनी राष्ट्रपति से यूक्रेन जंग खत्म करने और परमाणु हथियार नियंत्रण समझौते को लेकर बातचीत कर सकते हैं। इसके अलावा वे चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से अलग मुलाकात करेंगे। इसमें व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा होगी।

इस दौरे को लेकर चीनी मीडिया में चर्चा है। इसे ट्रम्प की दौरे ज्यादा अहम बताया जा रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक जहां ट्रम्प का दौरा ज्यादा औपचारिक और दिखावटी था, वहीं पुतिन का दौरा ज्यादा गंभीर और रणनीतिक मुद्दों पर केंद्रित रहेगा।



## नीदरलैंड से 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज भारत आएंगे, मोदी की मौजूदगी में समझौता



ब्रह्मास्त्र ›› एम्सटर्डम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ। ये करीब 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज हैं, जिनमें चोल साम्राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी है। समझौते के तहत 11वीं सदी की चोल ताम्र पट्टिकाएं जल्द भारत लाई जाएंगी। यह 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की प्लेटों का संग्रह है। इनमें ज्यादातर लेख तमिल भाषा में लिखे गए हैं। मोदी ने कहा कि इन पट्टिकाओं में राजा राजेंद्र चोल प्रथम और उनके पिता राजा राजराजा चोल प्रथम से जुड़ी जानकारी दर्ज है। ताम्र पट्टिकाएं तांबे की बनी प्लेटें होती हैं, जिन पर पुराने समय में अहम बातें लिखी जाती थीं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, 19वीं सदी में जब यूरोपीय देश भारत और एशिया के दूसरे हिस्सों में व्यापार और रिसर्च कर रहे थे, उसी दौरान ये दस्तावेज विदेश ले जाई गईं थीं। द हेग में टाटा आयोजित एक कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और डच कंपनी अरटछ के बीच भी समझौता हुआ। यह करार सेमीकंडक्टर और चिप तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए है। ASML दुनिया की प्रमुख चिप मशीन बनाने वाली कंपनियों में शामिल है, जबकि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश बढ़ा रही है।

### पीएम मोदी बोले- भारत में निवेश का अभी सबसे अच्छा समय

नीदरलैंड के हेग शहर में शनिवार को आयोजित उएड राउंड टेबल बैठक में मोदी ने कहा कि भारत में निवेश और कारोबार के लिए यह सबसे अच्छा समय है। उन्होंने बताया कि टैक्स, लेबर कानून और सरकारी व्यवस्था में सुधारों के कारण भारत में मैन्युफैक्चरिंग अब सस्ती और आसान हो गई है।

पीएम मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, जो पहले बड़ा आयात क्षेत्र था, अब भारत का बड़ा निर्यात क्षेत्र बन चुका है। भारत और नीदरलैंड ग्रीन हाइड्रोजन, तकनीक और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम बढ़ाएंगे।

# ईरान होर्मुज के लिए जल्द नया ट्रैफिक सिस्टम लाएगाः कहा- खास सर्विस के लिए टैक्स लगेगा

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने कहा है कि उनका देश जल्द ही होर्मुज में जहाजों की आवाजाही के लिए नया सिस्टम शुरू करेगा। उन्होंने शनिवार को कहा कि यह व्यवस्था ईरान की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

इब्राहिम अजीजी के मुताबिक, इस नए सिस्टम में सिर्फ वही कारोबारी जहाज और देश फायदा उठा सकेंगे जो ईरान के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस व्यवस्था के तहत दी जाने वाली खास सेवाओं के लिए टैक्स लिया जाएगा।

वहीं ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के सलाहकार मोहम्मद मोखबर ने कुवैत और वअए को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान ने अब तक संयम बरता है, लेकिन यह हमेशा




नहीं चलेगा। मोखबर ने कहा कि इन देशों ने अपने इलाके को ईरान के दुश्मनों के इस्तेमाल के लिए खुला छोड़ दिया है। ईरान ने लंबे समय तक उन्हें दोस्त और भाई माना, लेकिन अब उन्होंने अपनी आजादी तक बेच दी है और अपने देश की जमीन दुश्मनों को इस्तेमाल करने दी है।

अमेरिका की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच 45 दिन संघर्षविराम बढ़ाया गया। 29 मई को सैन्य प्रतिनिधियों की बैठक भी होगी। ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर पहली बार स्थायी रोक की बजाय 20 साल के सस्पेंशन की बात कही। साथ ही कहा कि ईरान को लेकर उनका धैर्य खत्म हो रहा है। चीन ने होर्मुज पर वठ में अमेरिका-बहरीन समर्थित प्रस्ताव को गलत समय और गलत कंटेंट वाला बताया। ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिका के इजराइल के हमलों में 1260 मौतें और 51 हजार घर, 10 हजार से ज्यादा गाड़ियां और सैकड़ों बाइक भी क्षतिग्रस्त हुईं।

## आईएसआईएस के नंबर-2 कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आतंकी संगठन क्क्र के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी के मारे जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ट्रम्प ने कहा कि यह ऑपरेशन बहुत ही प्लानिंग के साथ और बेहद मुश्किल तरीके से अंजाम दिया गया। उनके मुताबिक यह आतंकी दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकियों में से एक था और उसे खत्म करने के लिए काफी समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उसके मारे जाने से क्क्र के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा नुकसान हुआ है। मिनुकी उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया में छिपा हुआ था तभी उसे निशाना बनाया गया।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | थ | हा | डु | र |
| श | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | श | दी | ना | न | य | ग | रू |
| ई | र | व | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | ही | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | श | प | क्ष | प | का | र | चो | ट | ख |
| र | व | त | य | श | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | व | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ईरान जंग में पाक से अमेरिका तक 44% कीमतें बढ़ीं

**ईरान पर हमले से एक दिन पहले यानी 27 फरवरी को इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल की कीमत $67 डॉलर प्रति बैरल के करीब थी। जंग के बीच यह बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। मार्च में कच्चे तेल की औसत कीमत 103 डॉलर प्रति बैरल रही। इसकी वजह से दुनिया के करीब 120 देशों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाईं। अमेरिका में जंग शुरू होने से पहले यानी फरवरी में गैसोलिन की एवरेज कीमत 2.94 डॉलर प्रति गैलन यानी करीब 274.54 रुपए रही। अप्रैल में यह 4.14 डॉलर प्रति गैलन यानी 386.6 रुपए तक पहुंच गई है।**

## पीएम मोदी क्यों चाहते हैं कि आप सोना न खरीदें




पीएम मोदी ने रविवार को तेलंगाना की एक रैली में देश से 7 अपीलें कीं। इनमें एक अपील सोना न खरीदने की भी थी। पीएम मोदी ने कहा- देशहित में हमें यह तय करना होगा कि सालभर तक घर में कोई कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। हालांकि सरकार ने खुद पिछले कुछ सालों से फ्कक के जरिए सोने की खरीद बढ़ा दी है। पीएम मोदी ने कहा: ह्यएक समय था, जब संकट आने पर देशहित में लोग सोना दान दे देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है, लेकिन देशहित में हमें यह तय करना होगा कि सालभर तक घर में कोई कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। विदेशी मुद्रा बचाने के लिए हमारी देशभक्ति हमें चुनौती दे रही है और हमें यह स्वीकार करके विदेशी मुद्रा बचानी होगी।

ऐसा क्यों कहा: पीएम मोदी ने भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए ये अपील की। भारत अपने इस्तेमाल का करीब 99% सोना विदेशों से खरीदता है। 2025-26 में सोने का ये इम्पोर्ट बिल करीब 6.4 लाख करोड़ रुपए का था। विदेशों से खरीदे जाने वाले सामान के कुल खर्चे में 9% हिस्सेदारी के साथ सोना दूसरे नंबर पर है।

2025-26 में भारत ने पिछले कारोबारी साल के मुकाबले 4.76% कम मात्रा में सोना खरीदा, लेकिन सोने के इम्पोर्ट बिल में 24% तक का उछाल आया। इसकी सबसे बड़ी वजह थी- सोने की तेजी से बढ़ती कीमतें। सोने का दाम 76 हजार डॉलर प्रति किलो से बढ़कर 1 लाख डॉलर प्रति किलो तक पहुंच गया।


## चीन के पास सबसे ज्यादा 120 करोड़ बैरल ऑयल रिजर्व




नोट: चीन के आंकड़े एक्सपर्ट्स के अनुमान के मुताबिक।

Source: International Energy Association & Energy Information Administration

## भारत में 53 लाख मीट्रिक टन ऑयल रिजर्व की क्षमता





### पेट्रोल-डीजल के कम इस्तेमाल और वर्क फ्रॉम होम से क्या होगा?

**पीएम मोदी ने कहा:** भारत के पास दूसरे देशों की तरह बड़े-बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। हमें पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करना होगा। शहरों में जहां मेट्रो है, वहां हम तय करें कि हम ज्यादा से ज्यादा मेट्रो का ही उपयोग करेंगे। अगर कार में ही जाना जरूरी है, तो फिर कार पूल करने का प्रयास करें। और भी लोगों को साथ बिठा लें। अगर हमें कहीं सामान भेजना हो तो कोशिश करनी है कि वह ज्यादा से ज्यादा रेलवे गूड्स सर्विज से भेजें। वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन कान्फ्रेंसेस, वर्चुअल मीटिंग, इनको हमें फिर से प्राथमिकता देनी है।

### ऐसा क्यों कहा

अमेरिका-ईरान जंग शुरू होने के बाद दुनियाभर में तेल की कीमतें 50% तक बढ़ी हैं। ईरान पर अमेरिकी हमले के एक दिन पहले यानी 27 फरवरी को इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमत 72.87 डॉलर प्रति बैरल थी, जो 11 मई को 103.78 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं।

## पाकिस्तान-अमेरिका में 40% से ज्यादा बढ़े पेट्रोल के दाम



■ वर्ष-12 अंक-193 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 17 मई, 2026

## सुभाषितानि

ज्ञानवानेन सुखवान् ज्ञानवानेव जीवति।
ज्ञानवानेव बलवान् तस्मात् ज्ञानमयो भव।।

**भावार्थ :** ज्ञानी सुखी होता है, और ज्ञान हिंदी में मतलब (मीनिंग) होता है, जो ज्ञानी है, इसलिए तुम बुद्धिमान हो जाते हो।

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः।।

**भावार्थ :** जो व्यक्ति अनेक शंकाओं को दूर करता है, परोक्ष वस्तु को दिखाता है और सभी नेत्रों के शास्त्रों का अध्ययन नहीं किया है, वह आंख होते हुए भी अंधा है।

## खाद्यविभागेन प्रमुखा कार्यवाही अवैधसिलिण्डराः अपि प्रयुक्ताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

खाद्यविभागस्य एकेन दलेन नगरस्य दीक्षितपुराक्षेत्रे एकं प्रमुखं कार्यं कृतम् अस्ति। विभागाय निरन्तरं शिकायतां प्राप्यन्ते स्म यत् 'ठाकुर चटभण्डार' इत्यस्य सुविधायां अत्यन्तं अस्वच्छतया असुरक्षिततया च खाद्यपदार्थानाम् निमार्णं क्रियते इति। एताः शिकायतां गम्भीरतापूर्वकं गृहीत्वा खाद्यपदाधिकारिणः देवेन्द्रदुबे इत्यस्य नेतृत्वे विशेषदलस्य गठनं कृतम्, तस्मिन् स्थले आश्चर्यजनकं निरीक्षणं च कृतम् निरीक्षणकाले सुविधायाः अन्तः स्वच्छतामानकानां प्रकटरूपेण उल्लङ्घनं भवति इति ज्ञातम्। चैट् खुले सज्जा भवति; स्थानीयजनाः अपि विरोधं प्रकटितवन्तः अन्वेषणेन ज्ञातं यत् राममन्दिरस्य भूमिखण्डे अतिक्रमणं दूरीकर्तुं पूर्वं प्रशासनिककार्याणि कृतानि आसन्। एतस्य कार्यस्य अनुसरणं कृत्वा ठाकुर चट भण्डारस्य स्वामिना मुक्तस्थाने चैट् इत्यादीनि।

## सम्पादकीयम्

### ट्रम्पः दुःखितः

इतिहासे एतत् स्मारकीयघटना भविष्यति। यद्यपि ट्रम्पः नाटो-सम्बद्धानां विषये चिरकालात आक्रोशान प्रकटयति तथापि इदानीं येषु विशिष्टेषु परिस्थितिषु सः निवृत्तेः सम्भावनाम उत्थापितवान, तेषु स्थितिः खलु गम्भीरा इति सूचयति। ट्रम्पः दुःखितः अस्ति यतोहि सः इरान्देशे एकान्तवासं युद्धं कुर्वन अस्ति। ब्रिटिशप्रधानमन्त्री केई स्टारमरः स्पष्टतया उक्तवान यत एषः तेषां युद्धः नास्ति। इराण-विषये एकान्तवासः : ट्रम्पः बहुवारं प्रश्नं कृतवान यत येषां कृते वयं युद्धं कुर्मः, ते अस्माकं कृते युद्धं करिष्यन्ति वा? सः इदानीं तस्य विपरीतस्य प्रमाणरूपेण यूरोपस्य आचरणस्य उल्लेखं करोति। अमेरिकी-देशस्य पार्श्वे युद्धं कर्तुं दूरं यूरोप-देशः इरान-विषये विरोधस्य वृत्तिं स्वीकृतवान अस्ति। ब्रिटेनदेशेन स्वस्य सैन्यकेन्द्रस्य उपयोगाय केवलं सशर्तं अनुमतिः प्रदत्ता, स्पेनदेशः तु आक्रमणेषु सम्बद्धानां अमेरिकनविमानानाम कृते स्वस्य वायुक्षेत्रं निरुद्धं कृतवान अमेरिका प्रथमं : कतिपयेषु विषयेषु-विशेषतः वित्तीययोगदानसम्बद्धेषु-अमेरिका-नाटो-योः मध्ये असहमतिः पूर्वमपि अस्ति २०१४ तमे वर्षे सदस्यराष्ट्राणि स्वस्य सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य २% भागं रक्षाव्ययस्य कृते आवंटयिष्यन्ति इति सहमतिः अभवत्। ट्रम्पस्य निरन्तरदबावस्य अनन्तरं नाटो-सदस्याः खलु एतत लक्ष्यं प्राप्तवन्तः; तथापि सम्भाषणं तस्मात परं गतं अस्ति। अधुना यावत अमेरिकादेशः सैन्य-आर्थिक-सम्पदां असमानुपातिकरूपेण।

## भोजशालाविषये उच्चन्यायालयस्य ऐतिहासिकनिर्णयः

# मुसलमानानां जैनानां च दावाः खारिजाः मन्दिररूपेण स्थितिः पुष्टा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

धारनगरे स्थितस्य अत्यन्तं विवादास्पदस्य भोजशालाविवादस्य ऐतिहासिकं निर्णयं दत्त्वा मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयस्य इन्दौर-पीठिका अस्य परिसरस्य वाग्देवी-महोदयाय समर्पितं मन्दिरं इति मान्यतां दत्तवती अस्ति-माता सरस्वती इति अपि ज्ञायते। न्यायालयेन न केवलं मुस्लिमपक्षेण दाखिलानि याचिकाः अङ्गीकृताः अपितु जैनसमुदायेन प्रदत्ताः दावाः अपि अङ्गीकृताः। २४२ पृष्ठीयविस्तृते निर्णये न्यायालयेन स्पष्टतया उक्तं यत् उपलब्धाः ऐतिहासिकदस्तावेजाः, पुरातत्त्वसाक्ष्याः, भारतीयपुरातत्वसर्वक्षणस्य प्रतिवेदनानि च विवादितसङ्कुलस्य कदापि जैनमन्दिरस्य कार्यं कृतवान् इति दावस्य प्रमाणं न कुर्वन्ति। मुख्यन्यायाधीशः विजयकुमारशुक्ला, न्यायाधीशः आलोक अवस्थी च समाविष्टः संभागपीठः अनेकानां याचिकानां संयुक्तसुनवायानन्तरं एतत् निर्णयं कृतवान्। न्यायालये हिन्दुपक्षस्य, मुस्लिमपक्षस्य, जैनसमुदायस्य च विशिष्टानि दावानि प्रस्तुतानि आसन्। भोजशाला माता सरस्वती इत्यस्याः प्राचीनमन्दिरम् इति प्रतिपादयन् हिन्दुसंस्थाः २००३ तमे वर्षे एएसआई-आदेशस्य चुनौतीं दत्तवन्तः यस्मिन् मुस्लिमसमुदायस्य परिसरे नमाज (नमाज) अर्पणस्य अनुमतिः दत्ता आसीत् तद्विपरीतम्, मुस्लिमपक्षः, तस्य स्थलस्य कमलमौलामस्जिदः इति परिचयं दत्त्वा, तत्र नमाजानां अधिकारं समर्थयितुं प्रयतितवान् आसीत्। इत्थं च जैनसमुदायेन अपि दावः स्थापितः यत् एतत् स्थलं मूलतः जैनमन्दिरम् आसीत्, तत्र स्थापिता मूर्तिः सरस्वतीदेव्याः न, अपितु जैनदेवी अम्बिकायाः प्रतिनिधित्वं करोति इति। न्यायालयेन स्वस्य निर्णये घोषितं यत् भोजशालासङ्कुलस्य धार्मिकं चरित्रं हिन्दुमन्दिरस्य अस्ति, अस्मिन् स्थले वाग्देवीयाः पूजायाः पुष्ट्यर्थं ऐतिहासिकसाक्ष्यं विद्यते इति न्यायालयेन २००३ तमस्य वर्षस्य अप्रैल-मासस्य ७ दिनाङ्कस्य आदेशः अपि एकपार्श्वे कृतः, यस्मिन् मुस्लिम-समुदायस्य शुक्रवासरे नमाज-प्रदानस्य अनुमतिः प्राप्ता आसीत्। निर्णये निर्धारितं यत् विवादितस्थले पूजायाः, संस्कारस्य च अधिकारः हिन्दुपक्षे एव भविष्यति, यदा तु परिसरस्य प्रशासनिकं नियन्त्रणं ए.एस.आइ. जैनपक्षेण दाखिलयाचिकायां भोजशालासङ्कुलात् प्राप्ता १०९१ ई.कालस्य एकः अभिलेखितः मूर्तिः यथार्थतः जैनदेवी अम्बिकायाः एव इति तर्कः आसीत् एषा मूर्तिः सम्प्रति लण्डन्-नगरस्य ब्रिटिश-सङ्ग्रहालये स्थापिता इति कथ्यते। याचिकाकर्ता सालेकचन्दजैनः दावान् अकरोत् यत् यद्यपि शिलालेखे वाग्देवी इत्यस्य उल्लेखः अवश्यमेव अस्ति तथापि मुख्यतया अम्बिकायाः।

## राजनैतिकटिप्पणीकारः

### ब्रायन एलेन् सामाजिकमाध्यममञ्चे इत्यत्र लिखितवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

च अवश्यं दृश्यते स्म तथापि राष्ट्रपतिः शी जिनपिङ्ग स्वयमेव तस्य व्यक्तिगतरूपेण अभिवादनार्थं विमानस्थानके न उपस्थितः। तस्य स्थाने चीनस्य उपराष्ट्रपतिना अन्यैः वरिष्ठैः अधिकारिभिः च ट्रम्पस्य स्वागतं कृतम्-प्रोटोकॉलतः विचलनेन सामाजिकमाध्यमेषु तीक्ष्णप्रतिक्रियाः उत्पन्नाः। राजनैतिकटिप्पणीकारः ब्रायन एलेन् सामाजिकमाध्यममञ्चे इत्यत्र लिखितवान् यत् एतत् ट्रम्पस्य प्रमुखम् अपमानम् इति। सः टिप्पणीं कृतवान् यत् चीनदेशः अमेरिकीराष्ट्रपतिं तृतीयविश्वराष्ट्रस्य नेता इव व्यवहारं करोति। सः अपि आरोपितवान् यत् यद्यपि व्हाइट हाउस् एतत् रेड कार्पेट् उपचारं इति लक्षणं ददाति तथापि वास्तविकता सर्वथा भिन्ना अस्ति। तदनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु पुरातनाः भिडियाः प्रसारितुं आरब्धाः, येषु शी जिनपिङ्गः २०१८ तमे वर्षे उत्तरकोरियादेशस्य नेता किम जोङ्ग उन् इत्यस्य व्यक्तिगतरूपेण स्वागतं करोति इति दृश्यते। भ्रमणकाले ट्रम्पस्य सह गतं अमेरिकीप्रतिनिधिमण्डलं अपि महत्वपूर्णं ध्यानं आकर्षितवान्। तस्य पार्श्वे अमेरिकीविदेशसचिवः मार्को रुबियो, रक्षासचिवः पीट् हेगसेथ्, व्यापारिकः दिग्गजाः एलोन् मस्क, टिम कुक च इत्यादयः प्रमुखाः व्यक्तिः उपस्थिताः आसन् एतस्य उच्चस्तरीयस्य उपस्थितेः अभावेऽपि भ्रमणकाले अमेरिकनपत्रकारानाम् अधिकारिणां च कथितदुर्व्यवहारस्य विषये समाचाराः उद्भूताः। केचन समाचाराः दावान् कृतवन्तः यत् व्हाइट हाउस्-अधिकारिणः सह द्वन्द्वः, दुर्व्यवहारः च अभवत्। परन्तु अमेरिकीप्रशासनेन एतेषां प्रतिवेदनानां आधिकारिकप्रतिक्रिया अद्यापि न दत्ता। परन्तु भ्रमणस्य अन्तिमदिने दृश्यं सर्वथा भिन्नं दृश्यते स्म।

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन ठीक रहेगा। पुराने रुके काम धीरे-धीरे पूरे हो सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**वृषभ :** वृषभ राशि वालों के खर्च बढ़े रह सकते हैं। घर और परिवार के कामों में पैसा लग सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए समय राहत देने वाला रह सकता है। कई पुराने काम पूरे हो सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को कामकाज में अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। पुराने तनाव कम होंगे।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को जल्दबाजी से बचना होगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। पैसों के मामलों में सावधानी रखें।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन अच्छा रह सकता है। नौकरी और कारोबार में आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है।

**तुला :** तुला राशि वालों के रुके काम पूरे हो सकते हैं। करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को धैर्य के साथ काम लेना होगा। नौकरी में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए समय अच्छा रह सकता है। नौकरी और कारोबार में फायदा मिलने के संकेत हैं।

**मकर :** मकर राशि वालों का दिन सामान्य रहेगा। कामकाज में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरी में मेहनत का फायदा धीरे-धीरे मिलेगा।

**कुंभ :** कुंभ राशि वालों के लिए समय धीरे-धीरे बेहतर होगा। मेहनत का फल मिलने लगेगा। नौकरी और कारोबार में फायदा होगा।

**मीन :** मीन राशि वालों को थोड़ा धैर्य रखना होगा। काम पूरे होने में समय लग सकता है। रिश्तों में गलतफहमी से बचें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 19 मई से इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, करियर में आएगा बड़ा बदलाव

बुध ग्रहों के राजकुमार है, जिन्हें बुद्धि, वाणी, व्यापार, तर्क क्षमता का कारक माना जाता है। उनके शुभ प्रभाव से निर्णय क्षमता, आर्थिक स्थिति और रिश्तों में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

ज्योतिषियों के अनुसार, 19 मई 2026 को दोपहर 02 बजकर 37 मिनट पर बुध ग्रह रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, बुध का यह नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ और लाभकारी साबित हो सकता है। दरअसल, रोहिणी को बेहद शुभ और आकर्षक नक्षत्रों में गिना जाता है, जिसके स्वामी मन के कारक चंद्रमा माने जाते हैं। ऐसे में जब बुध और चंद्रमा की ऊर्जा एक साथ प्रभाव डालती है, तो व्यक्ति की सोच, निर्णय क्षमता, आर्थिक स्थिति पर इसका सकारात्मक असर देखने को मिल सकता



है। इस दौरान जातकों को करियर, शिक्षा, व्यापार में अच्छे परिणाम मिलने के भी संकेत हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**वृषभ राशि-** बुध नक्षत्र परिवर्तन आपके लिए खास रहने वाला है, क्योंकि समय आपके लिए सकारात्मकता लेकर आ रहा है। इस समय लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में सुधार देखने को मिल सकता है। मानसिक तनाव कम होगा। लाभ के योग हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। खास बात यह है कि, नया व्यापार आप शुरू कर सकते हैं। परिवार का माहौल भी सुखद और सहयोगपूर्ण बना रहेगा। सभी क्षेत्रों में आपको अनुकूल समाचार प्राप्त होंगे। आर्थिक मामलों में भी धीरे-धीरे स्थिरता आने के संकेत हैं।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए यह समय नई शुरूआत और अवसरों से भरा रह सकता है। माना जा रहा है कि, नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जिनकी मदद से कोई महत्वपूर्ण कार्य शुरू करने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए यह समय लाभकारी रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आपकी मेहनत का अच्छा फल मिलने की संभावना है। मनचाहा लाभ प्राप्त होने की अधिक संभावनाएं हैं। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए बुध का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश आर्थिक मामलों में लाभ देने वाला साबित हो सकता है। धन लाभ के नए अवसर बन सकते हैं और रुके हुए कार्यों में गति आ सकती है। आपको कहीं से मनचाही नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा और नेतृत्व क्षमता में भी निखार देखने को मिलेगा। परिजन आपके प्रेम संबंध को स्वीकारते हुए विवाह के लिए राजी हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में चल रही परेशानियां कम हो सकती हैं और रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

## खबर एक नजर...

### दिवंगत पुलिसकर्मियों के बच्चों को उज्जैन में अनुकंपा नियुक्ति



**उज्जैन।** नीमच में पदस्थ आरक्षक अनिलसिंह भाटी और ग्वालियर में पदस्थ एएसआई रामसजीवन गौतम के दिवंगत होने पर उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने शनिवार को अनिलसिंह की पुत्री साक्षी और रामसजीव के पुत्र पुनीत को अनुकंपा के माध्यम से बाल आरक्षक पद के लिये नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान एसपी शर्मा ने दोनों बच्चों को अपनी शिक्षा जारी रख जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। नीमच और ग्वालियर में पद खाली नहीं होने पर दोनों दिवंगत पुलिसकर्मियों के बच्चों को उज्जैन में नियुक्ति दी गई है। गौरतलब हो कि एसपी शर्मा के उज्जैन में पदस्थ होने के बाद सबसे अधिक दिवंगत पुलिसकर्मियों के बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है।

### दुर्घटना में घायल चैन्नई के 77 साल के वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** देवास में हुई सड़क दुर्घटना में 20 दिन पहले घायल हुए चैन्नई के रहने वाले 77 साल के वृद्ध ब्रजभूषण पिता मिल्कीचंद का लाम्बा का नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। शनिवार सुबह वृद्ध की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का शव अंतिम संस्कार के लिये सौंपा गया है। मर्ग डायरी के साथ मामले की जांच देवास पुलिस को सौंपी जायेगी।

### देवर ने किया अनैतिक कृत्य, पति-सास गिरफ्तार

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ देवर ने अनैतिक कृत्य किया। विरोध करने पर पति और सास ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। अनैतिक कृत्य के बाद देवर महिला को अपने साथ दूसरे स्थान पर भी ले गया, जहां धमकाकर गलत काम किया। देवर के साथ पति और सास के शामिल होने पर महिला ने मामले की शिकायत नागदा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मामला गंभीर होने पर देवर के खिलाफ दुष्कर्म करने और पति-सास के खिलाफ अनैतिक कृत्य में सहयोग करने और धमकाने का मामला दर्ज किया। पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया है। देवर फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पति और सास को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया था। जिन्हे कोर्ट में पेश कर पति को खाचरौद उपजेल और सास को भैरवगढ़ जेल भेजा गया है।

### पॉली क्लीनिक के संचालक को मिल सकती है जमानत

**उज्जैन।** मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में एक सप्ताह पहले 11 साल की बालिका दीपिका डाबी की अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने डॉक्टर और क्लीनिक संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया था। नीलगंगा पुलिस ने क्लीनिक संचालक राजेश चौहान और डॉ. देवेश तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। गुरूवार को न्यायालय ने डॉ. तिवारी को जमानत पर रिहा कर दिया था। अब पॉली क्लीनिक संचालक ने भी कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। संभावना है कि सोमवार को उसे भी जमानत पर रिहा किया जा सकता है। वहीं मामले में नीलगंगा थान प्रभारी तरूण कुरील का कहना है कि मामले की जांच जारी है। फिलहाल बालिका की स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।


**वन विभाग में नौकरी का देता था झांसा, पुलिस ने दर्ज किया मामला**

# डीजीपी का रिश्तेदार बताकर युवकों से ठगे लाखों

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायती आवेदनों की जांच पर मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। अब तक 10 से 12 युवक सामने आ चुके हैं, सभी एक गांव के रहने वाले है।

महिदपुर थाना प्रधान आरक्षक जितेन्द्र चौहान ने बताया कि कुछ समय पहले ग्राम तालोद चिंतामण क्षेत्र के रहने वाले फतेहसिंह पिता भैरूसिंह ने आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान ग्राम झरखेड़ी में रहने वाले बालू पिता भैरूसिंह चौहान से वर्ष 2022 में हुई थी। उसने खुद को पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार होना बताया और वन विभाग में नौकरी दिलाने की बात कहीं। उसने वन विभाग में कई पद खाली होने की बात कहीं थी। नौकरी मिलने की आस में उससे जानकारी मांगी गई। उसने शिक्षा संबंधित दस्तावेज (मार्कशीट), आधार कार्ड मांगा। वहीं 80 हजार रुपए की बात कहीं। दस्तावेजों के साथ रुपए देने के बाद परीक्षा होने की बात कही। उसने अन्य पदों के लिये भी युवकों की बात कहीं। जिसके चलते गांव तालोद के 10-12 युवकों को वन विभाग में नौकरी के पद खाली होने की बात कहीं। गांव के जितेन्द्र चंद्रवंशी, विकास सूर्यवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी सहित अन्य भी नौकरी पाने के लिये तैयार हो गये। सभी को डीजीपी का रिश्तेदार बताने वाले बालूसिंह ने झारडा कटन चौराहा चाय की दुकान पर अलग-अलग बुलाया और दस्तावेजों के साथ किसी से ढाई लाख, किसी से डेढ़ लाख, एक लाख रुपए लिये, करीब 25 लाख के लगभग लेने के बाद कई दिनों तक टाल-मटौल करता रहा। नौकरी नहीं मिलने पर रुपए लौटाने की बात कहीं तो जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रधान आरक्षक चौहान के अनुसार थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार के निर्देशन में शिकायती आवेदनों की जांच शुरू की गई। जिसमें 10 से 12 युवकों के साथ धोखाधड़ी होना सामने आने पर मामले में शुक्रवार रात बालूसिंह के खिलाफ धारा 420, 120 बी, 294, 506 भादवि का प्रकरण दर्ज कर लिया गया। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।




#### परीक्षा के नाम पर ले गया भोपाल

फतेहसिंह ने पुलिस को बताया कि सभी युवकों से रुपए और दस्तावेज प्राप्त करने के बाद बालूसिंह उन्हे भोपाल लेकर गया था, जहां परीक्षा कराने की बात कहीं थी। लेकिन एक होटल में ठहरा कर दूसरे दिन वापस ले आया और कहा कि सभी का नाम लिस्ट में आ जायेगा। विश्वास कर कई दिनों तक नौकरी मिलने की आस लगाकर बैठे रहे। लेकिन समय गुजरने के साथ बालूसिंह टाल मटौल करने लगा। कुछ समय बाद उसने संपर्क करना भी बंद कर दिया और लापता हो गया।

#### सामने आ सके है कई पीड़ित युवक

प्रधान आरक्षक जितेन्द्र चौहान ने बताया कि डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके झांसे में फंसकर धोखाधड़ी के शिकार कई युवा सामने आ सके है। जिनको महिदपुर पुलिस द्वारा न्याय दिलाया जायेगा। फिलहाल आरोपी की तलाश में उसके ठिकानों का पता लगाने के लिये परिजनों से पूछताछ कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# दोस्त ने दुनियां छोड़ी तो युवक ने भी मौत को गले लगाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

निजी बैंक में होम लोन का काम करने वाले युवक ने 3 दिन पहले जहरीला पदार्थ खाकर दुनियां को अलविदा कर दिया था। इसी बात से दुखी उसके साथी ने भी शुक्रवार रात जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगा लिया।



12 मई की रात ग्राम बाढ़कुम्मेद की रहने वाले आशीष विश्वकर्मा ने बैंक से घर लौटते समय जहरीला पदार्थ खा लिया था। तलाश में निकले परिजनों को वह बेसुध हालत में पड़ा मिला था, जिसकी अस्पताल में मौत हो गई थी। तीन दिन बाद शुक्रवार शाम बाढ़कुम्मेद में रहने वाले समीर पिता दिलीप मीणा 19 साल ने भी घर की छत पर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि आशीष की मौत के बाद से ही समीर तनाव में आ गया था। वह तीन दिनों से मरने की बात कह रहा था। लेकिन पता नहीं था कि ऐसा कदम उठा लेगा। समीर और आशीष दोस्त थे। आशीष की मौत का समीर को सदमा लगा था। परिजनों ने यह भी बताया कि समीर परिवार का एकलौता पुत्र था, उसकी तीन बहने है। पिता ड्रायवरी करते है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। 3 दिन में 2 दोस्तों के दुनियां छोड़ने से बाढ़कुम्मेद में माहौल गमगीन हो गया था।

**बस में लगी आग की खबर पर जा रहे थे घटनास्थल**

# नेशनल हाईवे पर पलटा नैनावद चौकी प्रभारी का वाहन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मक्सी-शाजापुर नेशनल हाईवे 52 पर शुक्रवार-शनिवार रात एयर कंडीशन वॉल्वो बस में लगी आग की खबर मिलने पर नैनावद चौकी प्रभारी निजी वाहन से घटनास्थल के लिये रवाना हुये। इस दौरान रास्ते में उनका वाहन पलटी खा गया। घटनाक्रम में चौकी प्रभारी और आरक्षक को चोंट लगी है।

तराना थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर रात 11.50 बजे इंदौर से ग्वालियर जा रही वॉल्वो बस में शार्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई थी। घटनास्थल होटल जैन पथ तराना थाने की नैनावद चौकी अंतर्गत आता है। जिसके चलते तराना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, वहीं नैनावद चौकी से एक वाहन में कुछ पुलिसकर्मी सवार होकर निकले। चौकी प्रभारी गोकुलसिंह मंडोत और आरक्षक जितेन्द्रसिंह निजी वाहन बुलेरो से जैन पथ होटल घटनास्थल के लिये रवाना हुये। इस दौरान रास्ते में अचानक सामने से ट्रक आने पर चौकी प्रभारी का वाहन सड़क मार्ग से उतरकर पलटी खा गया। गनीमत रही कि प्रभारी एसआई और आरक्षक की जान बच गई, लेकिन अंदरूनी चोंट लगने पर दोनों घायल हो गये। बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे पर बस में हुई आगजनी के बाद मार्ग का ट्राफिक वन-वे कर दिया गया था। चौकी प्रभारी अपनी सही दिशा में आ रहे थे। लेकिन वन-वे होने पर ट्रक सामने से आ गया था। विदित हो कि बस में हुई आगजनी के दौरान चार साल का बच्चा अनय पिता अभिषेक जैन निवासी शिवपुरी बस में भीड़ के बीच फंस गया था और आगजनी में उसकी जान चली गई थी।



# भीड़ में लापता हुआ 7 साल का बच्चा, कैमर में ट्रेक पर घूमता दिखा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रेलवे स्टेशन पर परिजनों के साथ ट्रेन का इंतजार कर रहा सात साल का बालक भीड़ के बीच लापता हो गया। बालक के लापता होने पर मां ने रेलवे पुलिस को सूचना दी। आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से बालक को कुछ घंटो में रेलवे ट्रेक पर घूमते हुए खोज निकाला।



आरपीएफ एएसआई शिवसिंह बघेल ने बताया कि शनिवार दोपहर को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर जबलपुर के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरियो की रहने वाली पूना पति विजय ठाकुर ने सूचना देकर बताया कि वह महाकाल दर्शन करने उज्जैन आई थी। वापस जबलपुर जाने के लिये प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान भीड़ में सात साल का पुत्र लापता हो गया है। आसपास खोजने पर नहीं मिला। एएसआई बघेल द्वारा सीसीटीवी ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक राजकुमार देवड़ा को कैमरों के माध्यम से सर्च करने निर्देश दिये और स्वयं स्टेशन ड्यूटी पर तैनात आरक्षक नंदसिंह, जगदीश कसाना, लखन सैनी, महिला आरक्षक प्रतिभा शर्मा, सुरेखा के साथ बालक की तलाश में जुट गये। इस दौरान स्टेशन पर अनाउंसमेंट करवाया। कुछ देर में ही प्रधान आरक्षक राजकुमार ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से बताया कि नागदा साइड एफओबी के ऊपर एक बालक घूमता दिखाई दे रहा है। तलाश में लगी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बालक को बरामद किया गया। शिकायत दर्ज कराने वाली पूना ठाकुर ने बालक को पुत्र के रूप में पहचान लिया और सीने से लगा लिया। बालक के कुछ देर में सकुशल मिलने पर उसे मां के सुपुर्द किया गया।

#### इधर 30 मिनट में परिजनों को खोजा

शनिवार को अमावस्या होने पर नवग्रह शनि मंदिर त्रिवेणी संगम पर आस्था का नहान और शनिदेव के दर्शन करने लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान भीड़ में गुना के ग्राम रूथ्यायी से आया 4 साल का बालक अंश पिता सुनील राजपूत परिवार से बिछड़ गया। ड्युटी पर तैनात नगर सैनिक रवि कुमार ने बालक को मंदिर गेट के पास बदहवास हालत में देखा तो तत्काल मंदिर परिसर में बने पुलिस कंट्रोलरूम लेकर आया। बालक के माता-पिता को तलाशने के लिये अनाउंसमें टकराया गया। करीब 30 मिनट में बालक परिजन मिल गये। यहीं नहीं शनि मंदिर पर ड्युटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने संवेदना और मानवीयता का परिचिय दिया। पुलिसकर्मियों के सहयोग से एक दिव्यांग श्रद्धालु को सहजता के साथ दर्शन कराये गये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com